पारा आपडेट
मैक्सिमम 31.00 | मिनीमम 21.00
सूर्यास्त (आज) 17.24
सूर्योदय (कल) 05.45
बोकारो से प्रकाशित

संसेक्स 81,973.05 ● निफ्टी 25,127.95 ● डॉलर 84.05 ₹ ● सोना 76,550 ₹ ● चांदी 99,990 ₹



पेज 06 लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो
पेज 08 पूजा के दौरान जिले में नौ दुर्घटनाएं...



हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत 2082



पेज 10





RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 103 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com




## संक्षिप्त खबरें

### सीसीएल और रांची नगर निगम के बीच हुआ एमओयू

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न जलाशयों, तालाबों, ड्रेंस इत्यादि के बेहतर सफाई को लेकर सोमवार को को सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड और रांची नगर निगम के बीच नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह और सीसीएल के अधिकारी ने एमओयू साइन किया गया। जिसके तहत सीसीएल के सी.एस.आर राशि के सहयोग से निगम द्वारा दो अत्याधुनिक मशीनें 1 थ्रैश स्कीमर,वीड हार्वेस्टिंग मशीन, 2. ड्रेन क्लीनिंग मशीन का क्रय किया जाएगा। इन दोनों मशीनों की कुल लागत तीन करोड़ बीस लाख रुपए) होगी। जिसमें वीड हार्वेस्टिंग मशीन की लागत 1,46,00,000 तथा ड्रेन क्लीनिंग मशीन की लागत 1,74,00,000 होगी। उक्त मशीनों के क्रय करने के लिए निविदा भी आमंत्रित की गई है। निगम की टीम में इन मशीनों के जोड़े जाने से रांची शहर के जलाशयों को साफ करने में गति आयेगी।

### एचईसी को बचाना है: अजय नाथ शाहदेव

**रांची ।** पिछले दस महीनों से लगातार संघर्षरत एचईसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में सोमवार को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए। अजय नाथ शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं। यह बेहद दुखद है कि पर्व त्योहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है।1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भुखमरी के कगार पर आ गया है। उन्होंने मौके पर एचईसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता की है। पिछले दिनों एचईसी प्रबंधन के जरिये बगैर साइन किए गए एकतरफा सुलह पत्र को वायरल करने और समाचार में प्रकाशित होने पर सभी आंदोलनरत कर्मी खफा थे। उन्होंने एचईसी प्रबंधन से कहा है कि अपना हठ छोड़ें और एचईसी को बचाने एवं मजदूर हित में यथाशीघ्र मामले का समाधान करें।

### संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने की बैठक

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की सोमवार को रांची के दलादिली स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय में हाई लेवल की बैठक आयोजित की गयी। पार्टी के संयोजक मनोज कुमार, राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने बैठक में पार्टी के जरिये प्रदेश में चल रही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न पर रोक, मानव तस्करी, पलायन तथा सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, पल्स, विश्वामित्र, इत्यादि दर्जनों नॉन बैंकिंग कंपनी में लोगों के जमा पैसे के जल्द भुगतान की मांग जैसे राज्यहित की मांगों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाने एवं समाधान निकालने के लिए पार्टी के जरिये घोषित प्रत्याशियों को राज्य की जनता से चुनाव जीता कर विधानसभा भेजने की अपील की गई। साथ ही पार्टी के जरिये झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए दूसरी सूची 21 अक्टूबर को जारी करने के लिए प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मैंना उरांव, सुखदेव कुमार, आदित्य सिंह, जोहन एक्का, बसंत बड़ाईक उपस्थित थे।

### बारह पड़हा जतरा पूजा सात नवम्बर को

**रांची।** बारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में जतरा पूजा की तैयारी लेकर सोमवार को एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने किया और संचालन कृष्णा उरांव ने किया। मौके पर बिरसा मुंडा ने कहा कि इस वर्ष 07 नवंबर को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन होगा। जतरा एवं अखड़ा स्थल में पाहन एवं कोटवार के जरिये विधिवत रूप से परंम्पारागत रीति रिवाज, विधि-विधान, 12 मुर्गों की बलि प्रथा और धार्मिक कर्मकाण्ड से पूजा-अर्चना होगी। समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव ने कहा कि जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गांवों के पाहन के साथ बैठक हुई। इस बार भी रीति-रिवाजों के साथ जतरा पूजा सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पड़हा महतो राजा संदीप उरांव, जयपुर मौजा के पिंकल गाड़ी, भीठा मौजा के सोनू पाहन, कोंगे जयपुर के निर्मल पाहन, रंजीत पाहन, हथिया गोंदा के लाखों उरांव, मतलु कच्छप, पतरा गोंदा के लखन मुंडा, चंदवे के विनोद पाहन, सुजय पाहन, टिकली टोली के डब्लू मुंडा, गोलु मुंडा, समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव, सचिव मुकेश लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित लिंडा, संरक्षक देवनारायण उरांव, जगन्नाथ उरांव , मंगा उरांव और सुरेश टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने कालीचरण का पूछा कुशलक्षेम



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को रिम्स पहुंचे। यहां उन्होंने कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना।
मुख्यमंत्री रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सांसद कालीचरण सिंह एवं शहीद वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।मौके पर मुख्यमंत्री ने इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज एवं जरूरी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### जतरा समिति ने सीएम को दिया निमंत्रण

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर को राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह मुड़मा मेला के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

### चर्च में चोरी का प्रयास, कीमती सामानों को तोड़ा

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट चर्च में अपराधियों ने चोरी करने का प्रयास किया। इस दौरान अपराधियों ने चर्च में रखे कई कीमती सामानों को तोड़ दिया। दानपेटी में रखे पांच-छह सौ रुपये भी ले गये। इस संबंध में चर्च के इंचार्ज कोर्नेलियस मुर्मू ने सदर थाना में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें उन्होंने कहा कि अपराधी चर्च के मेन गेट का ताला तोड़ कर अंदर घुसे और सारा सामान को उलट-पलट कर दिया। इस दौरान चर्च के अंदर रखे माइक, कैमरा का की-बोर्ड, स्पीकर, प्रोजेक्टर, टेबल, एम्लीफायर का की-बोर्ड आदि को तहस-नहस कर दिया। दान पेटी को तोड़ कर उसमें रखे रुपये ले गये। साथ ही बाइबल, गाना की किताब आदि को भी क्षति पहुंचायी। आरोप है कि एक समुदाय विशेष की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक

# चुनाव प्रबंधन है जीत की कुंजी : मरांडी

### परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा से करें कार्यकर्ता: शिवराज



संवाददाता

**रांची।** प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश कि जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार है। चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता को जनभावनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करें। हमें अब चुनाव तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर कार्य करना है। हम चुनाव जीतने की तड़प पैदा करें। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई।
बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन ही चुनाव में जीत की कुंजी है। प्रबंधन समिति पूर्ण योजना और पूर्व योजना पर कार्य करेगी तो सफलता हमारी झोली में होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्व त्योहारों के बीच अब कार्यकताओं केलिए एक ही पर्व है वह है चुनाव पर्व। चुनाव अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित करके हमसब परिणाम को अनुकूल और सुखद बना सकते हैं। आज जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।
प्रबंधन समिति के संयोजक एवं पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंध समिति के कार्यकताओं को अधिकार भाव से नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व भाव से कार्य करना है। पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी इस समिति को दी है। उन्होंने कहा कि हम सब अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें तथा समन्वय के साथ जीत को सुनिश्चित करने में जुट जाएं।साथ ही कहा कि प्रबंध समिति के 29 विभागों का एक ही लक्ष्य है विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार। उन्होंने मीडिया बंधुओं से भी सकारात्मक सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा, पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, सह संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक बिरंची नारायण और सीमा शर्मा सहित समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन को लेकर हुई बैठक

## डीसी ने सिकल सेल एनीमिया निवारण जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश



संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन के लिए बैठक आयोजित की । दिया बैठक में उपायुक्त ने सिकल सेल एनीमिया निवारण के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाने एवं विभिन विभाग से आए पदाधिकारियों को सिकल सेल एनीमिया के निवारण तथा प्रबंधन के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया ।
उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारी को सिकल सेल एनीमिया निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने प्रखण्ड स्तर पर कमिटी बनाते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में हर माह स्क्रीनिंग एवं बैठक करने का निर्देश दिया। ताकि सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त बच्चों एवं लोगों की पहचान की जा सके। सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन के लिए एसोसिएशन का गठन होना है, जिसमें रिम्स के डॉक्टर को नॉमिनेट कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जो साथी छोड़ गए उन्हें साथ लाना है: हिमंत

संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं जमुआ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी डॉ मंजू कुमारी ने अपने पिता, पूर्व विधायक सुकर रविदास एवं अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। मौके पर हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि झारखंड से भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को हटाने, राज्य में सुशासन को स्थापित करने के लिए सबका साथ जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो साथी छोड़ गए हैं उन्हें फिर से वापस लाकर झारखंड में नया सवेरा लाना है, विकसित झारखंड बनाना है। झारखंड को कुशासन से मुक्त करवाने के लिए भाजपा सभी वर्गों, राज्य के शुभचिंतकों से सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करती है।



### सुकर रविदास और डॉ मंजू कुमारी के योगदान से भाजपा होगी मजबूत: बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सुकर रविदास जी जनसंघ काल से पार्टी के नीतियों कार्यक्रमों से जुड़े रहे हैं। दो बार 1977 एवं 1995 में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि यह परिवार भाजपा से जुड़ा परिवार है। पिता और पुत्री दोनों का पार्टी में शामिल होना एक प्रकार से घर वापसी है। उन्होंने कहा कि मंजू कुमारी की योग्यता, अनुभव एवं परिश्रम का लाभ पार्टी को मिलेगा।

### भाजपा ही महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित और समर्पित : मंजू कुमारी

डॉ मंजू कुमारी ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण केलिए संकल्पित और समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की करोड़ों महिलाएं विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जनधन खाता हो, शौचालय निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास हो या तीन तलाक की समाप्ति सभी ने महिलाओं को सुरक्षा प्रदान किया है। भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार भी प्रदेश में महिला कल्याण के लिए समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का भला भाजपा ही कर सकती है, परिवारवादी सोच की पार्टियां नहीं।

## भाजपा में नहीं शामिल होने का नतीजा है ईडी की छापेमारी: मंत्री



संवाददाता

**रांची।** पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथलेस ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह और भाई विनय ठाकुर ठिकानों पर सोमवार की सुबह हुई ईडी की छापेमारी के बीच मंत्री मिथलेस ठाकुर ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। श्री ठाकुर ने इस छापेमारी की मुख्य वजह भाजपा में शामिल होनें से इंनकार को बड़ी वजह बताया है। उन्होंने दावा किया है कि उनके उपर भी भाजपा में शामिल होने का दबाव था। उन्होंने जैसे ही यह ऑफर खारिज किया। ईडी की छापेमारी शुरु हो गई। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे कितना भी षडयंत्र करले झारखंड में उसका सफाया निश्चित है। झारखंड की सता में उसकी वापसी कभी नहीं होगी। इसके साथ मंत्री ने ईडी से छापेमारी में क्या मिला इसकी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। वहीं विधानसभा चुनाव से पहले इस छापेमारी को लेकर सियासत भी तेज हो चुकी है। मिथलेश ठाकर हेमंत सरकार के दूसरे मंद्धी हैं। जिनके उपर ईडी की छापेमारी हुई है। इसके पहले तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस और पीएस के नौकर के घर पर छापेमारी हुई थी इस छापेमारी में आलमगीर आलम के पीएस के आवास पर बड़ी मात्रा में नगद राशि बरामदगी हुई थी। वर्तमान समय में आलमगीर आलम इस मामले में जेल में बंद है।

## छात्रों का 13 वें दिन भी सत्याग्रह रहा जारी




संवाददाता

**रांची ।** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने को लेकर सोमवार को 13 वें दिन भी सत्याग्रह जारी रहा। खराब मौसम की वजह से छात्र अदालत स्थगित किया गया। बापू वाटिका सत्याग्रह स्थल से छात्र नेता इमाम सफी ने कहा विवादित सीजीएल परीक्षा रद्द और पारदर्शी परीक्षा होने तक आंदोलन जारी रहेगा। मौसम अचानक बदल जाने के कारण छात्र अदालत स्थगित करना पड़ा। लेकिन छात्रों का चौपाल लगाकर निर्णय लिया गया कि आन्दोलन जारी रहेगा। सर्व सम्मति से निर्णय हुआ कि सभी छात्र नेता और शिक्षक से समन्वय स्थापित कर बहुत जल्द बड़ा आन्दोलन होगा। मौके पर शेख मोहसिन, कहकशां कमाल, चंदन कुमार, कमलेश चौधरी,सोएब आलम,सदाब हुसैन, संतोष कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रांची शहर नागरिक मंच की बैठक में जन समस्याओं पर हुई चर्चा



संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव होने वाला है। चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों ने लोगों के लिए घोषणा पत्र तैयार करने और जीतने पर विभिन्न तरह की सेवाएं दिए जाने का भरोसा दिलाना शुरू कर दिया है। इस संबंध में रांची शहर नागरिक मंच ने सोमवार को देवी मंडप के समीप बैठक की।
मंच लोगों को चुनाव के प्रति जागरूक कर रही है। मंच के अमृतेश पाठक ने बताया कि झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों के जरिये मुफ्तखोरी और निकम्मेपन को बढ़ावा देने के लिए अनाप-शनाप घोषणाएं की जा रही हैं। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी अपनी ओर से राजकीय कोष को लूटने और लूटाने को तैयार हैं। टैक्स पेयर और आम जनता की गाढ़ी कमाई से जमा टैक्स का सदुपयोग करने की बजाय रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। एक होड़ मची है कि कौन कितना ज्यादा लूटा सकता है। कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि लूटाने के लिए पैसे किस प्रकार से और कहां से आएंगे। वर्तमान में किन किन योजनाओं की राशि काटी गई है, कौन कौन से विकास कार्य रोके जा रहे हैं, इसे सत्तापक्ष भी बताना नहीं चाह रहा।

## जलसा सीजन 2 में महिला उद्यमियो की नजर आएगी प्रतिभाएं

**रांची।** फैशन डिजाइनर श्रीमती हनी मीढा सिन्हा द्वारा 17 और 18 अक्टूबर को अपर बाजार स्थित महाराज अग्रसेन भवन में दो दिवसीय जलसा सीजन-2 प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। आयोजनकर्ता हनी मिड्ढा सिन्हा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए जलसा सीजन-2 का आयोजन किया जा रहा है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह एक पहल है। हर वर्ग की महिलाएं यहां अपने प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकती है। करवा चौथ, दिवाली के साथ अन्य त्यौहार नजदीक हैं, इसके मद्देनजर महिलाओं से जुड़े हर प्रकार का सामान यहां उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे एक स्थान पर ही खरीदारी कर सके। श्रीमती हनी ने कहा कि झारखंड में उन्होंने कई प्रदर्शनियां देखी थी। जिसके बाद उन्होंने महिलाओं के लिए ऐसा मंच उपलब्ध कराने की ठानी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण हमारे समाज के विकास का आधार है और उनके नेतृत्व, विशेष रूप से जमीन स्तर पर हमारे समावेशी और दीर्घकालिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

### चंदन द्वादशी के मौके पर बाबा को अर्पित किया गया खीर चूरमा

रांची। श्री श्याम मंडल की ओर से अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के मौके पर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रमेश सारस्वत अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। इसके पूर्व मंडल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला , धीरज बंका एवं सारस्वत परिवार द्वार गणेश पूजन की गई। इसके बाद बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर राजेश सारस्वत, राकेश सारस्वत,अरूण धानुका, सुमित पोद्दार, प्रमोद बगड़िया, अजय साबू, विवेक ढांढनीयां सहित कई अन्य भक्तों ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### नगर निगम जुटा जलाशयों की सफाई कार्य में



**रांची।** राजधानी के रांची लेक सहित विभिन्न तलाबो, डैम में दुर्गा पूजा के दौरान विभीन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा रविवार को प्रतिमा विसर्जन किया गया था इसके बाद सोमवार को नगर निगम की ओर से जलाशयों की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया गया। इसमें जलाशयों में विसर्जन की गई प्रतिमा के सांचा, पुआल, पूजन सामाग्री व अन्य सामानों को जलाशयों से निकालकर साफ-सुथरा किया जा रहा है। वहीं निगम की ओर से इस बार भी प्रतिमा विसर्जन करने के लिए अलग से तालाब में व्यवस्था की गई थी। जहां पूजा समितियों द्वारा प्रतिमा विसर्जन किया गया।

# निर्वाचन के कार्यों में बर्दाश्त नहीं होगी कोई लापरवाही : रवि कुमार

**विधानसभा निर्वाचन में अवैध निर्वाचन व्यय और एमसीसी उलंघन के मामलों पर एसएसटी एवं एफएसटी रखेंगे पैनी नजर**

**निर्वाचन के दौरान सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की होगी जांच**



संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें। इसकी मॉनिटरिंग हर स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निदेशों का अनुपालन करें।
वे सोमवार को सभी जिलों में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एफएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय एवं एमसीसी उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है । उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से दिए गए संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है। निर्वाचन के दौरान बने सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की चेकिंग की जायेगी। साथ ही सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है।
इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करें। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सीझविजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वहीं सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने आवले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टालेशन एवं इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

पारा आपडेट
मैक्सिमम 31.00 | मिनीमम 21.00
सूर्यास्त (आज) 17.24
सूर्योदय (कल) 05.45
बोकारो से प्रकाशित

संसेक्स 81,973.05 ● निफ्टी 25,127.95 ● डॉलर 84.05 ₹ ● सोना 76,550 ₹ ● चांदी 99,990 ₹

पेज 06 लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो
पेज 08 पूजा के दौरान जिले में नौ दुर्घटनाएं...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत 2082




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 103 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त

### कोरोना वैक्सीन दुष्प्रभाव संबंधी याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना की रोकथाम के लिए बनी वैक्सीन से होने वाले दुष्प्रभाव की जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस तरह की याचिका से सिर्फ सनसनी फैलती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर वैक्सीन का ईजाद ही नहीं हुआ होता तो क्या होता। आपने कभी सोचा है कि अगर वैक्सीन नहीं होती तो उसके दुष्प्रभाव क्या होते। यह याचिका गैरजरूरी है। याचिका प्रिया मिश्रा और आलोक शर्मा ने दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि ब्रिटेन में एक केस में वैक्सीन बनाने वाली एक कंपनी ने कहा था कि इससे खून के थक्के बन सकते हैं। तब कोर्ट ने कहा कि इसके लिए क्लास एक्शन वाली एक अलग याचिका दाखिल कीजिए।

### किश्तवाड़ में भीषण आग लगने से 70 से अधिक घर जलकर राख

**किश्तवाड।** किश्तवाड़ जिले के मारवाह के सुदूर इलाके में सोमवार को भीषण आग लगने से 70 से अधिक घर जलकर राख हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक घर में आग लग गई जिससे उसके आसपास के अन्य घरों में भी आग लग गई और 70 से अधिक घर जलकर राख हो गए। उन्होंने कहा कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के कर्मी हवाई मार्ग से घटनास्थल पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वहां कोई मोटर योग्य सड़क नहीं है जिससे दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच सकें। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और स्थानीय लोगों की मदद कर रहे हैं ताकि आग बुझाई जा सके। समाचार लिखे जाने तक आग भड़की हुई थी । अभी तक आग की घटना में किसी के हताहत होने या किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

### मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के यात्री विमान को आज बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। इस विमान को दिल्ली भेजा गया। विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर लैंड कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और जांच जारी है। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि असत्यापित जानकारी फैलाने से बचें।

### सुप्रीम कोर्ट से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभिषेक को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित और बिजनेसमैन अभिषेक बोइनपल्ली को जमानत दे दी। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस आशय का आदेश दिया। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 20 मार्च को अभिषेक बोइनपल्ली को अंतरिम जमानत दी थी। आज सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट से कहा कि वे इस मामले पर आगे कुछ नहीं कहना चाहते हैं। उसके बाद कोर्ट ने कहा कि इस मामले के सभी सह-आरोपितों को जमानत मिल चुकी है। ऐसे में अभिषेक बोइनपल्ली को भी जमानत दी जाती है।

## झारखंड कैबिनेट में 29 प्रस्तावों पर लगी मुहर, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की बल्ले-बल्ले

# लाभार्थियों को अब एक हजार की जगह मिलेंगे ढाई हजार प्रतिमाह

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में मुख्यमंत्री मंइंयां सम्मान योजना से अब राज्य की योग्य लाभुक महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह के बजाए 2500 रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि देने का फैसला हुआ

यानी साल में अब 12 हजार रुपये बदले 30 हजार रुपये महिलाओं को मिलेंगे। अगस्त से प्रारंभ हुई इस योजना में महिलाओं को एक हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है। दिसंबर से अब 2500 रुपये भेजने की तैयारी है। इसका लाभ 50 लाख महिलाओं को मिलेगा और सरकार को अतिरिक्त नौ करोड़ रुपए वित्तीय भार पड़ेगा सालाना।

कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने बताया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ आठ लाख रुपये की राशि मंजूर की गई। नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा, दुमका के साथ-साथ बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोले जायेंगे। गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ की पथ परियोजना की स्वीकृति। मनरेगा के साथ अभिसरण से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल राशि 11.66 लाख खर्च होगी। कृष्णा राय जल प्रमंडल दुमका की सेवा अविधि का दैनिक वेतन अवधि में जोड़ कर-के पूरी राशि देने का फैसला। ज्ञानोदय योजना के तहत 50 प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने की स्वीकृति। बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड के बकाया स्वीकृत करने के लिए 38 करोड़ मंजूर किया गया।

### अन्य फैसले

- राज्य के दिव्यांग, अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए निशुल्क ट्यूशन फीस देने की स्वीकृति दी गई। इस योजना पर सालाना 24 करोड़ खर्च होगा। यह ट्यूशन फीस 10 लाख रुपये अधिकतम सालाना दी जाएगी। इसके ऊपर उन्हें खुद वहन करना पड़ेगा। इसमें प्रतिमाह 4000 उच्च शिक्षा के लिए दी जाएगी। हॉस्टल इत्यादि खर्च के लिए राशि अलग से नहीं दी जाएगी।
- राष्ट्रीय शिक्षा के तहत झारखंड अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालय में चार साल डिग्री प्रोग्राम योजना की स्वीकृति दी गई।
- कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत टीचर और कर्मचारी निधि की सुविधा दी जाएगी।
- राज्य में मदरसा माइनॉरिटी स्कूल में संचालित शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राज्य योजना से संचालित करने की स्वीकृति दी गई।
- रांची विश्वविद्यालय में रांची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीकृत महाविद्यालय में सेवा दे रहे नेट पास कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा को आवश्यकता आधारित सेवा में करने की स्वीकृति दी गई।
- उच्चतर शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए योजना की स्वीकृति दी गई। 20 करोड़ खर्च होगा।
- गोड्डा जिला के अंतर्गत ठाकुर गंग टी में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी गई।
- महिला महाविद्यालय बहरागोड़ा की स्थापना के लिए 38 करोड़ की योजना स्वीकृत। राजकीय विश्वविद्यालय में डुअल डिग्री के लिए योजना मंजूर।
- रिनपास रांची में निदेशक की नियुक्ति एवं सेवा शर्त में संशोधन किया गया। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जमशेदपुर बहरागोड़ा के निर्माण के लिए 254 करोड रुपए की मंजूर की गई। राजकीय पॉलिटेक्निक पोटका, जमशेदपुर के निर्माण के लिए 136 करोड़ की योजना मंजूरी की गई।

## मुख्यमंत्री ने लगभग पांच सौ सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# अपनी सेवा से ग्रामीणों का विश्वास जीतें, तभी राज्य की व्यवस्था मजबूत बनेगी : हेमंत सोरेन

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। नियुक्तियों की इसी क्रम में आज एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है। लगभग 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड देश के सबसे गरीब एवं पिछड़े राज्य में गिना जाता है। आपकी नियुक्ति स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए हुई है। आप सभी को राज्य के सुदूर और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम करने का मौका मिल रहा है। मेरा आप सभी से यही कहना है कि इस राज्य की जनता के प्रति जो आपको जिम्मेदारी मिली है, उस पर आप खरा उतरने का प्रयास करें। अपनी सेवा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं, ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे। इससे इस राज्य की व्यवस्था को मजबूत करने में हमें मदद मिलेगी।

● मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और पावर सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का ऑनलाइन शिलान्यास



### राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सिर्फ बिल्डिंग खड़ा कर देने से स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों और इलाज से संबंधित समुचित सुविधाओं को उपलब्ध कराना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। आज चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति, आधुनिक चिकित्सीय संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अस्पतालों के रखरखाव और मरम्मत की भी समुचित व्यवस्था है। राज्य के गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कई स्वास्थ्य योजनाएं संचालित हैं। हमारी कोशिश राज्य के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। इस सिलसिले में विश्व पटल पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बेहतर सेवा देने के लिए पहचान बनाने वाले निजी क्षेत्र के संस्थानों का सहयोग ले रहे हैं। इसी कड़ी में अपोलो अस्पताल का शिलान्यास हाल में संपन्न हुआ है। वहीं, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से राजधानी रांची के इटकी में वर्ल्ड क्लास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि यहां के लोगों को बहुत जल्द इलाज के लिए दूसरे प्रदेशों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

### नर्सिंग क्षेत्र में पुरुषों को भी मिल रहा मौका

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य तौर पर नर्सिंग से महिलाएं और युवतियां जुड़ी होती हैं लेकिन मेरा मानना है कि नर्सिंग में पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। इसीलिए नर्सिंग संस्थानों में पुरुषों का दाखिला सुनिश्चित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। पुरुष और महिला समान रूप से नर्सिंग के क्षेत्र में कार्य करेंगे तो मरीजों को और बेहतर सेवा मिलेगी।

### एयर एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कई कड़ियां जुड़ चुकी हैं। सरकार के द्वारा एयर एंबुलेंस की सेवा भी किफायती दर पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में इलाज के लिए बाहर ले जाने की जरूरत पड़े तो उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

### चाईबासा से पांच-पांच किलो का दो आईईडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पांच-पांच किलो का दो आईईडी बम बरामद किया है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान सोमवार को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका से विडियाबेड़ा के बीच जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्दे श्य से नक्सलियों के जरिये पूर्व में लगाये गये दो आईईडी बम को बरामद किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से बम को डिफ्यूज (विनिष्ट) कर दिया गया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखण्ड जगुआर और सीआरपीएफ संयुक्त रुप से अभियान लगातार अभियान चला रही है। एसपी ने बताया कि यह अभियान लगातार 10 अक्टूबर 2023 से चलाया जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 5 विधायक मनोनीत करने के मामले में दखल देने से 'सुप्रीम' इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उप-राज्यपाल की तरफ से 5 विधायक मनोनीत करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सीधे इस मामले की सुनवाई नहीं करेगा। पहले इसे हाई कोर्ट में सुना जाए। याचिकाकर्ता रविंदर शर्मा की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उप-राज्यपाल की ओर से 5 विधायक मनोनीत करने के बाद एक चुनी हुई सरकार गिराई जा सकती है। तब कोर्ट ने कहा कि उप-राज्यपाल को मनोनीत करना चाहिए कि नहीं, इस पर पहले हाई कोर्ट सुनवाई करे। सुप्रीम कोर्ट सीधे सुनवाई नहीं कर सकता है। जम्मू-कश्मीर में हाल ही में संपन्न विधानसभा के चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और सीपीएम को मिलाकर 49 सीटें मिली हैं, जो 90 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत से ऊपर है।

## झारखंड में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 20 जगहों छापा

# मंत्री, अफसरों, इंजीनियर्स के ठिकानों पर दबिश

संवाददाता

**रांची।** ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में सोमवार को झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, उनके कुछ करीबियों, आईएएस मनीष रंजन, बिल्डर, डेवलपर एवं कांट्रेक्टर विजय अग्रवाल सहित पेयजल स्वच्छता विभाग के कई इंजीनियरों और अफसरों के ठिकानों पर छापेमारी की है।

रांची और चाईबासा सहित करीब 20 ठिकानों पर ईडी की टीमों ने सोमवार सुबह एक साथ दबिश दी है। रांची में विजय अग्रवाल के रातू रोड इंद्रपुरी स्थित आवास के अलावा उनके हरमू और मोरहाबादी स्थित ठिकानों पर सर्च चल रही है, जबकि



आईएएस मनीष रंजन के आवास और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह के आवासों पर भी सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच एजेंसी के अफसरों की टीम पहुंची है। खबर है कि इन ठिकानों से कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए हैं। ज्ञात हो कि, जल जंगल मिशन में करोड़ों रुपए के घोटाले मामले में यह छापेमारी हो रही है। जल जंगल मिशन विभाग के कैशियर संतोष कुमार ने 23 करोड़ की अवैध निकासी की थी। विभाग ने मामला भी दर्ज करवाया था, जिसमें संतोष कुमार जेल में है।

झारखंड में जल जीवन मिशन की योजना में कई जिलों में अनियमितताएं और गड़बड़ियों की शिकायतें हैं। इसे लेकर कुछ जिलों में एफआईआर भी दर्ज हुई है। ईडी ने इन्हीं एफआईआर को जांच का आधार बनाया है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में बेहद पावरफुल माने जाते हैं। वह 2019 में राज्य की गढ़वा विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे। ईडी जांच की आंच उन तक भी पहुंच सकती है। इसके पहले शनिवार को भी ईडी की टीम ने रांची में चर्चित जमीन घोटाले को लेकर शहर में कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## सुरक्षा मामला | नई मिसाइल परीक्षण रेंज स्थापित करने को सीसीएस ने प्रदान की मंजूरी

# पूर्वी तट पर नई मिसाइल परीक्षण रेंज विकसित करेगा भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक तरफ भारत नई-नई मारक क्षमता वाली मिसाइलें विकसित करके एयरोस्पेस की दुनिया में अपना दबदबा कायम कर रहा है तो दूसरी तरफ भारतीय सेना भी लगातार अपने फायरिंग रेंज की संख्या बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने आंध्र प्रदेश में एक नई मिसाइल परीक्षण रेंज स्थापित करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके अलावा सेना ने माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करने की प्रक्रिया शुरू की है।



डीआरडीओ रक्षा बलों के लिए बड़ी संख्या में हथियार प्रणालियों को विकसित करने के उन्नत चरण में है, जिसमें बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, मानव पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, वर्टिकल लॉन्च की गई छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और सामरिक डोमेन में कई अन्य प्रणालियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सीसीएस ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसके अनुसार नई मिसाइल रेंज आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। नई मिसाइल परीक्षण रेंज का इस्तेमाल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, टैंक रोधी मिसाइल और सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए किया जाएगा। सीसीएस ने पिछले सप्ताह इसी बैठक में अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने और भारतीय नौसेना के लिए दो परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण को भी मंजूरी दी थी। डीआरडीओ इन परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएगा। भारतीय नौसेना को दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियां मिलेंगी, जो हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की क्षमताओं को कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी। यह सौदा लंबे समय से अटका हुआ था और भारतीय नौसेना इस पर जोर दे रही थी, क्योंकि यह पानी के भीतर क्षमता की कमी को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। बैठक में अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं के साथ-साथ बलों के लिए सड़कें बनाने के प्रस्तावों को भी आगे बढ़ाया गया है।

### एक विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की होगी स्थापना

इसके अलावा भारतीय सेना माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में 545 वर्ग किलोमीटर में फैले एक विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करेगी। इसका उपयोग एकीकृत युद्ध समूहों, स्ट्राइक कोर, लड़ाकू विमानन ब्रिगेड, रॉकेट फोर्स के अभ्यास के लिए किया जाएगा। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में फैला हुआ अबूझमाड़ 4,000 वर्ग किलोमीटर में फैला वन क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 07 अगस्त को नारायणपुर जिला प्रशासन से अबूझमाड़ के जंगलों के अंदर सेना के युद्धाभ्यास रेंज के लिए 54,543 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने को कहा है। पत्र में कहा गया था कि अबूझमाड़ के जंगलों में रेंज की स्थापना जिले के ओरछा तहसील के सोनपुर-गरपा क्षेत्र में की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट की नई बिल्डिंग का भूमि पूजन आज, पांच सितारा सुविधाओं से होगी लैस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के विस्तारित बिल्डिंग के लिए सोमवार को भूमि पूजन समारोह हुआ। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, दूसरे जजों और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और अर्जुन राम मेघवाल ने फावड़ा चलाकर और नारियल तोड़कर इस काम की शुरूआत की। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी हुई।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि न्यायपालिका हमारे लोकतंत्र का बड़ा स्तंभ है। आज सुप्रीम कोर्ट के विस्तारित बिल्डिंग का भूमि पूजन पृथ्वी स्वयं, नारियल का जल, दीपक की अग्नि, वायु और आकाश सभी की साक्षी में हुआ। मेघवाल ने कहा कि विधायिका का नया भवन संसद बना। कार्यपालिका के लिए नया भवन सेंट्रल विस्टा बन रहा है और अब न्यायालिका का सुप्रीम कोर्ट के लिए भी विस्तारित भवन का भूमि पूजन हो गया। नई इमारत में नए कोर्ट रूम और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस मौके पर चीफ जस्टिस ने कहा कि नई इमारत सुप्रीम कोर्ट के विकास के साथ साथ शक्ति का भी प्रतीक है। उन्होंने इमारत के बारे में बताया कि मौजूदा सुप्रीम कोर्ट की इमारत रहेगी और विस्तारित हिस्सा पांच मंजिल का बनेगा, जिसमें 29 कोर्ट रूम और जजों के चैंबर होंगे। 17 जजों की संविधान पीठ के एक साथ बैठकर महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई के लिए भी कोर्ट रूम होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास पंसस ने किया

**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड की तांतरी उत्तर पंचायत के बालिका हाई स्कूल के प्रांगण में बनने वाले शेड और जांघी जोरिया में घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास पंसस माधुरी मिश्रा ने किया। स्कूल की छात्राओं ने विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, भामस नेता रविन्द्र मिश्रा, मुखिया गिरिन्द्र मिश्रा, उप मुखिया नमित मिश्रा, मदन लाल महतो का स्वागत किया। पंसस माधुरी ने कहा कि स्कूल प्रांगण का विस्तारीकरण जल्द शुरू करने का काम होगा। मौके पर छुटूराम प्रजापति, एच एम देवानंद कुमार, हरि महतो, महानंद केवट, उमेश साव, बासुदेव महतो, दयानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### देवग्राम के गंधर्वडीह स्थित एक तालाब में जयनाथ मोदी का शव मिला

**बोकारो।** सियालजोरी थाना के देवग्राम के गंधर्वडीह स्थित एक तालाब में छोटू उर्फ जयनाथ मोदी का शव मिला है। मृतक को शौच करने गए ग्रामीणों ने देखा था। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के मेढ पर युवक का गमछा रखा हुआ है, जिसमें खून के निशान हैं। इसके बाद लोगों को युवक की हत्या किये जाने का संदेह हुआ। शव निकालने के बाद युवक के सिर पर गहरे चोट के निशान पाए गए। युवक बाहर काम करता था, पूजा में गांव आया था। रात्रि में घर से निकला और वापस नहीं लौटा। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची है।

### 42 मामलों पर की सुनवाई, ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार सोमवार को उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 42 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं व शिकायतों पर सुनवाई की। साथ हीं संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, कृषि ऋण माफी, स्थापना शाखा,अबुआ आवास, राजस्व संबंधित विवाद, श्रम विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता श्रीमती वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### समस्याओं को लेकर बोकारो उपायुक्त से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

बोकारो। बोकारो चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव से मिला। इस क्रम में चेम्बर की ओर से उपायुक्त को बोकारो जिले की अनेक समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चास में चेक पोस्ट से आईटीआई मोड़ तक बाईपास रोड का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अंचल कार्यालय चास में जमीन से जुड़े अनेक विवाद लंबित हैं, जिनका निपटारा त्रैमासिक कैंप लगाकर किया जाए तथा अंचल कार्यालय में दस्तावेजों का कंप्यूटर कारण करने के दौरान हुई गलतियों को जल्द से जल्द सुधारा जाए, ताकि उसे ठीक कराने के लिए आम जनता को भयादोहन से मुक्ति मिल सके।महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने मांग त्योहारी सीजन दीपावली एवं छठ को देखते हुए चास में हो रही अनियमित विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को निर्देश देकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति में सुधार कराने की मांग की गई। साथ ही, बोकारो हवाई अड्डे को चालू करने में आ रही अड़चनों को जल्द से जल्द दूर कर हवाई अड्डे का परिचालन आरंभ कराने का आग्रह किया। महासचिव ने बोकारो के सिटी सेंटर के सीवरेज लाइन को बोकारो इस्पात प्रबंधन को आवश्यक निर्देश देकर दुरुस्त कराने, मेंटेनेंस एवं रिपेयर के अभाव में बेकार हो चुके जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में शहरी क्षेत्र एवं सेक्टर में लगाये गये ओपन जिम को जल्द से जल्द ठीक कराने, बोकारो में नए उद्योगों की स्थापना के लिए इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना किये जाने की मांग भी की गई। इसके अलावा उपायुक्त का ध्यान चास की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था नगर निगम से जल्द पूर्ण करवाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, सुभाष जैन, अनूप भालोटिया, ब्रह्मदेव प्रसाद, अंकित चोपड़ा, सिद्धार्थ जैन, राजीव कुमार, प्रवीर मंडल, ताराचंद जैन, बिरल भोगानी सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

### महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में राज्य सरकार कृत संकल्पित : राजद

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना प्रतिमाह 1000 से बढ़कर 2500 महिलाओं के सम्मान के लिए बढ़ाने पर राष्ट्रीय जनता दल हर्ष व्यक्त किया। प्रदेश राजद के महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक स्थिति मजबूत हो इसके लिए महागठबंधन की सरकार कृत संकल्प है। मंईयां सम्मान योजना हो या किसानों के लिए योजना हो या फिर युवाओं के विकास के लिए सरकार कैई कार्यक्रम राज्य में चला रही है , वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी राज्य के महिलाओं को दीग्र भ्रमित करने के लिए गोगो दीदी योजना लाई है जो कि सिर्फ और सिर्फ झूठी योजना है इस योजना के तहत राज्य के महिलाओं को फिर से ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पाण्डेय ने कहा कि भाजपा द्वारा जो फार्म भरवाया जा रहा है न ही फार्म में खाता नंबर मांगा गया है।

# डिस्पैच सेंटर व प्रशिक्षण सेंटर का डीईओ सह डीसी ने किया निरीक्षण

**डीडीसी, एसी व एसडीओ समेत टीम के सदस्यों के साथ विभिन्न कमरों का लिया जायजा**

**भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को विधानसभावार ले आउट अविलंब तैयार करने का दिया निर्देश**

**आगामी झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन का मामला, पीओ, पी वन, पी टू एवं पी थ्री का प्रशिक्षण शुरू करने को कहा**



संवाददाता

**बोकारो।** आगामी झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डिस्पैच सेंटर व ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चिन्हित सेक्टर 8 स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल एवं 02 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल व कला केंद्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सोमवार को निरीक्षण किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो० मुमताज अंसारी, निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी पियूष, कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालखो, मीडिया कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रम वार हाई स्कूल के विभिन्न कमरों का जायजा लिया। संबंधित पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर विभिन्न कमरों को विधानसभावार चिन्हित किया। सामग्री कोषांग व ईवीएम कोषांग संचालन को लेकर कमरों को चिन्हित किया। साथ हीं मतदान कर्मियों के डिस्पैच के दिन विधानसभावार कर्मियों के प्रवेश व निकासी, विधानसभावार वाहन पड़ाव, भोजन आदि के स्टाल को लेकर क्षेत्र का भी निर्धारण किया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को पूरे डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल का ले आउट तैयार करने, विधानसभावार कमरों के निर्धारण एवं निकासी व प्रवेश द्वार को दशार्ने का निर्देश दिया। सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी को ले आउट अनुरूप साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। वहीं सेक्टर 02 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल/ह्व व कलाकेंद्र का भी निरीक्षण किया। ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चिन्हित विद्यालय सभागार व कमरों का जायजा लिया। मतदान कर्मियों के पोस्टल बैलेट से मतदान के संबंध में तैयारियों को पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी को जरूरी दिशा- निर्देश दिया। प्रशिक्षण कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा को पीठासीन पदाधिकारी पी ओ, पी वन, पी टू एवं पी थ्री का प्रशिक्षण तालिका जारी कर प्रशिक्षण शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी निरीक्षण क्रम में जरूरी दिशा- निर्देश दिया।

## बोकारो स्टील प्लांट में आज से किम्स की प्रस्तावित हड़ताल समझौते के बाद टली

संवाददाता



**बोकारो।** प्रबंधन के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हुए समझौते के बाद बोकारो स्टील प्लांट में 15 अक्टूबर से प्रस्तावित क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ (एच.एम.एस.) की हड़ताल टल गई है। यूनियन द्वारा इस हड़ताल की घोषणा बोकारो इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों की समस्याओं को लेकर की गई थी। सोमवार को ठेका मजदूरों की मूलभूत मांगों पर जीत को लेकर संयंत्र के कोक ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग में पूरे संयंत्र के ठेका मजदूरों की विशाल सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री सह- सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि ठेका मजदूरों की चट्टानी एकता ने एक बार फिर प्रबंधन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। मेडिकल चेकअप के नाम पर अब कोई भी मजदूर काम से बाहर नहीं होगा। मेडिकल चेकअप अब एक माह पूर्व से नहीं, बल्कि तीन माह पूर्व से होगी और अगर किसी मजदूर का मेडिकल रिव्यू होता है तो तीन माह के भीतर ही उनका रिव्यू करा लिया जायेगा, फिर भी बैक लॉग बढ़ता है तो एक साथ कैम्प लगाकर एक ही दिन में सभी बैक लॉग को खत्म कर सभी की सेफ्टी ट्रेनिंग कराई जायेगी। सभी मजदूरों को अब मेडिकल जांच के उपरांत जाँच पर्ची बी.जी.एच. उपलब्ध कराएगा और जरूरत के अनुसार ई.एस.आई.सी. को रेफर करेगा, ताकि अगर किसी मजदूर को रेस्ट की जरूरत हो तो उनका वेतन चालू रखते हुए उन्हें रेस्ट दिया जा सके।

उन्होंने कहा कि ग्रुप इंश्योरेंस पर भी प्रबंधन ने यूनियन एवं मजदूरों की मांग को जायज मानते हुए सहमति जतायी। सभी ठेका मजदूरों के लिए 10 लाख का ग्रुप इंश्योरेंस होगा। ग्रुप इंश्योरेंस के अंशदान (प्रीमियम) की राशि बहुत ही जल्द तय होगी। श्री सिंह ने कहा कि हड़ताल नोटिस में हमारी मुख्य मांग मेडिकल चेकअप के नाम पर मजदूरों की छंटनी रोकने तथा ग्रुप इंश्योरेंस पर जीत से हम उत्साहित जरूर हैं, मगर लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। नाईट शिफ्ट एलाउंस तथा ग्रेच्युटी पर हमारी लड़ाई जारी रहेगी। प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हमने आपकी कुछ मांगों को मान लिया है, बाकी मांगों के लिए हमें थोड़ा समय दें और संयंत्र हित में हड़ताल को वापस लें, नहीं तो संयंत्र को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार यूनियन हैं, हम कभी भी संयंत्र का अहित नहीं सोच सकते हैं। मगर संयंत्र हित के नाम पर हम मजदूरों के अधिकारों का भी हनन नहीं होने देंगे। उन्होंने 15 अक्टूबर के प्रस्तावित हड़ताल को आगे बढ़ाने की घोषणा करते हुए कहा कि जब तक मजदूरों की सभी मांगों को पूरा करते हुए समान काम का समान वेतन नहीं मिलेगा, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभा श्री सिंह के अलावा शशिभूषण, सुभाष चंद्र कुंभकार, जुम्मन खान, अमित यादव, नवीन तिवारी, शैलेश कुमार, शकील अहमद, नागेंद्र कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

## काशीडीह में स्व. मदन मांझी की पुण्यतिथि पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** वीर बिरसा स्पोर्टिंग क्लब काशीडीह के नेतृत्व में जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत अंतर्गत काशीडीह खेल मैदान में एक दिवसीय 19 वाँ मदन मांझी मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। बता दें कि समाजसेवी स्व० मदन मांझी की 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर तीरंदाजी एवं फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्व० मदन मांझी के पुत्र कन्हाई हेम्ब्रम व लाल दे० हेम्ब्रम ने संयुक्त रूप से अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता समाज की उन्नति की दिशा में बढ़ चढ़कर अपना सहयोग करते थे। उनके पुण्य स्मृति के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी काशीडीह के खेल मैदान में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजरप्पा प्रोजेक्ट निवासी मोहरलाल मांझी ने प्रथम स्थान एवं जातगोडी निवासी रंजीत सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं फुटबॉल टूनार्मेंट में कल आठ टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें जादगोडीह प्रथम विजेता व अमृत टाइगर कोचागोड़ा द्वितीय विजेता रही। वहीं वीर बिरसा स्पोर्टिंग क्लब द्वारा प्रथम स्थान में जीत हासिल करने वाले टीम को 3000, द्वितीय स्थान पर जितने वाली टीम को 2000, तीसरे व चौथे स्थान पर जीत हासिल करने वाली टीम को 700 पुरुस्कार राशि दी गई। मौके पर मुख्य रूप से क्लब के कप्तान पवन हेम्ब्रम, उप कप्तान फूलचांद, अध्यक्ष नूनाराम, सचिव महेंद्र मरांडी, कन्हाई हेंब्रम, लालदेव हेंब्रम, साहिल सोरेन, दुर्गा प्रसाद, नांनकेश्वर, दीपक, सुभाष, विनोद कुमार सहित सदस्यो ने टूनार्मेंट को सफल बनाने में सहयोग किया।

## राज्य जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिला बालक वर्ग का ट्रायल संपन्न



संवाददाता

**बोकारो।** बालक एवं बालिकाओं की 18वीं झारखण्ड राज्य जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिला टीम के गठन हेतु सोमवार को सेक्टर 8 क्लब कबड्डी मैदान में बालक वर्ग का ट्रायल संपन्न हुआ। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड से मान्यता प्राप्त बोकारो जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित इस ट्रायल में पूरे बोकारो जिले से 74 प्रतिभावान खिलाडियों ने भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चयनित कुल 25 खिलाडियों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा। शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाडियों की टीम राज्य प्रतियोगिता में भाग लेगी। शिविर के लिए चयनित सभी 25 बालक खिलाडियों के नाम की सूची मंगलवार को जारी की जाएगी एवं सभी संबंधित को अधिकृत सूचना दे दी जाएगी।

जूनियर बालिका वर्ग के टीम का गठन के लिए ट्रायल बुधवार दिनांक 16 अक्टूबर 2024 को बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ ग्राउंड कुमीर्डीह में आयोजित होगी। ट्रायल लेने वालों में तकनीकी दक्षताधारी प्रेम प्रकाश, बलराम कुमार, प्रद्युमन पाण्डेय, प्रणय कुमार, मंजू कुमारी एवं विकी का सराहनीय योगदान रहा। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के पूर्व महासचिव बिपिन कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर ट्रायल संपन्न किया गया। इस अवसर पर बोकारो जिला कबड्डी संघ के महासचिव मुकेश सिंह, नीरज निराला, संतोष कुमार, संजय कुमार सहित कई पुराने कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी बोकारो जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने दी।

## दुर्गा प्रतिमा का किया गया विसर्जन

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल के सिक्स यूनिट स्थित सीआईएसएफ कैंप में भी की गई दुर्गा पूजा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को जवानों एवं अधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ कोनार नदी स्थित छठ घाट में कर दिया। इसके पूर्व कैंप में आयोजित दुर्गा पूजा के पंडाल का उद्घाटन सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अरुण प्रसाद ई एवं उनकी पत्नी अनु के द्वारा किया गया था। पूजा में बतौर यजमान भी डिप्टी कमांडेंट पत्नी के साथ मौजूद थे। जबकि बतौर पुजारी सीआईएसएफ के ही कांस्टेबल एके मिश्रा थे। सोमवार को विसर्जन के बाद कैंप में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें डीवीसी के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, रिंकी प्रसाद, स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, अनि बिरेंद्र हांसदा, दीपक कुमार पासवान, मनोज मंडल, सीआईएसएफ के निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून, अनी अजीत कुमार शर्मा, मो इबरार, सअनि सुरेश यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके पूर्व कैंप में ही सीआईएसएफ कर्मियों की महिलाओं एवं बच्चों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। विजेता कर्मियों एवं बच्चों को डिप्टी कमांडेंट एवं उनकी पत्नी ने सम्मानित किया।

# बोकारो में दुर्गा प्रतिमाओं को नम आंखों से दी गई विदाई

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित बोकारो क्लब एवं पंच मंदिर की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को नम आंखों से एवं अगले वर्ष आने की कामना के साथ कोनार नदी में शाम ढलते ही कर दिया गया। प्रतिमा विसर्जन को लेकर इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर थाना के पुलिस पदाधिकारी, जवानों एवं पूजा कमेटी के वॉलंटियर्स के साथ प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में शामिल थे। विसर्जन के दौरान स्थानीय डीवीसी की कॉलोनी में प्रतिमा भ्रमण के दौरान बंगाली समुदाय की महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कमेटी के आरएस पांडेय, पीके समादार, विनय कुमार सिन्हा, रामेश्वर साव, मोती लाल महतो, कार्तिक घोष, रंजीत मंडल, मृत्युंजय मंडल, शिव राम शर्मा, हरपाल सिंह, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, अरविंद शर्मा, हरदीप कुमार, शशि के अलावा पंच मंदिर कमिटी के जोगेंद्र गिरि, जानकी महतो, भुनेश्वर प्रसाद साव, जोधन नायक, खिरोधर महतो, कृष्ण मुरारी, ब्रज किशोर सिंह, आलोक गिरि, अरुण कुमार आदि की मुख्य भूमिका रही। इसके पूर्व रविवार को स्थानीय डीवीसी ऑफिसर्स क्लब एवं सीसीएल कारो स्पेशल फेज दो की प्रतिमा का विसर्जन कोनार नदी छठ घाट एवं फेज दो स्थित तालाब में कर दिया गया था। दोनों ही दिन प्रतिमा विसर्जन को लेकर स्थानीय थाना की पुलिस एवं जवान काफी मुस्तैद रहे।

**महिलाओं ने सिंदूर खेला**

सोमवार को बोकारो क्लब एवं पंच मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व बंगाली समुदाय की महिलाओं सहित सभी महिलाओं द्वारा सिंदूर दान कर आपस में सिंदूर खेला गया तथा अगले वर्ष दुर्गा माता के आने की कामना करते हुए नम आंखों से विदाई दी गई।

## प्रतीक चिन्ह लगाकर प्रोन्नत अवर निरीक्षकों को डीआईजी ने दी शुभकामनाएं



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के पुलिस उपमहानिरीक्षक (कोयला क्षेत्र) सुरेन्द्र कुमार झा ने अपने कार्यालय प्रांगण में सोमवार को साक्षर आरक्षी से नव प्रोन्नत प्राप्त कुल 112 सहायक अवर निरीक्षक में से 80 सहायक अवर निरीक्षकों को पिपिंग समारोह में उनके रैंक का प्रतीक चिन्ह लगाया।

इस समारोह में पुलिस पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनिमेष गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन एवं सार्जेंट मेजर जॉय प्रभाकर लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इन सबों ने नव प्रोन्नत प्राप्त सहायक अवर निरीक्षकों को उनके रैंक का प्रतीक चिन्ह लगाया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक निरीक्षक, कोयला क्षेत्र बोकारो श्री झा ने सभी नव प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### 108 एंबुलेंस चालक रात आठ बजे से करेंगे हड़ताल

**धनबाद।** रात आठ बजे से बकाया वेतन की मांग को लेकर जिले में 108 एंबुलेंस चालक व इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन हड़ताल पर चले जायेंगे। यह घोषणा 108 एंबुलेंस का संचालन कर रही एजेंसी इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विस के कर्मियों ने की है। इससे पूर्व मांगों को लेकर शुक्रवार को 108 एंबुलेंस चालकों ने रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन किया और हड़ताल से संबंधित सूचना सीएस कार्यालय को दी है। एंबुलेंस कर्मियों ने बताया कि वे सभी इएमआरआइ ग्रीन एजेंसी के माध्यम से 108 एंबुलेंस सेवा प्रदान कर रहे हैं। उक्त एजेंसी ने एक व पूर्व की एजेंसी जेड एचएल द्वारा उनका दो माह के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया है। दुर्गा पूजा पर भी वेतन नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ रहा है। विवश होकर वे हड़ताल पर जा रहे हैं। बता दें कि वर्तमान में जिले में रोज लगभग 100 से ज्यादा मरीजों को 108 एंबुलेंस की सेवा प्रदान की जाती है। जिले के कई मरीजों को इन एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज लाया जाता है। वहीं रिम्स रेफर किये गये औसतन 10 से 15 मरीजों को रोजाना 108 एंबुलेंस की सेवा मिलती है। 108 एंबुलेंस कर्मियों के हड़ताल की सूचना पर जिला स्वास्थ्य विभाग वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी में जुटा है। जरूरत पड़ने पर निजी अस्पतालों के एंबुलेंस का भी इस्तेमाल होगा।।गरीब जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार की ओर से जिले में निःशुल्क 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन किया जाता है। धनबाद में फिलहाल 36 एंबुलेंस संचालित हैं। इनमें चार एंबुलेंस मरीजों को हायर सेंटर ले जाने के लिये हैं। जबकि अन्य जिले के सभी प्रखंडों से मरीजों को मेडिकल कॉलेज व अस्पताल व जिला अस्पताल तक पहुंचाने के लिए हैं।

### पथ निर्माण विभाग विधायक के उपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करे : दीप नारायण

**कतरास।** जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बिना टेंडर के पथ निर्माण विभाग धनबाद प्रमंडल अंतर्गत जीटी रोड स्थित ब्राह्मणडीहा खरीयो मोड़ तक, भाया हीरापुर, मतारी, पाकेडबेडा, लोदवाडीह, झगराही, मोहनपुर, तुरसाबाद सड़क पुनर्निर्माण का शिलान्यास कर दिया है। बिना टेंडर हुए योजना का शिलान्यास करना सरासर गलत और गैरकानूनी है। श्री सिंह ने कहा कि विधायक ने अपने पांच साल के कार्यकाल में गांवों के विकास के लिए कुछ नहीं किया। अब जब कार्यकाल पूरा हो रहा है तो वे आनन-फानन में बिना टेंडर के योजनाओं का शिलान्यास कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विधायक मथुरा प्रसाद महतो को लग रहा है कि टुंडी की जनता उन्हें अब रिजेक्ट करने वाली है। इस लिए बिना टेंडर हुए योजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं।विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बिना टैंडर हुए सड़क का शिलान्यास कर टुंडी की जनता को धोखा देकर पथ निर्माण विभाग के आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। जदयू पार्टी पथ निर्माण विभाग से मांग करती है कि विधायक मथुरा प्रसाद महतो के उपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करे।

### भगत मुहल्ला निवासी विनोद कुमार विश्वकर्मा को मारपीट कर किया घायल

**कतरास।** अवैद्य कोयले के व्यापार का विरोध करने पर भगत मुहल्ला निवासी विनोद कुमार विश्वकर्मा को मारपीट कर घायल कर देने का समाचार प्राप्त हुआ है। भगत मुहल्ला निवासी विनोद विश्वकर्मा के अनुसार दोपहर 12:00 के आसपास भगत मुहल्ला के हीं पड़ोस के रहने वाले भोला, गुड्डू एवं छोटू ने मेरे ऊपर और मेरे भाई के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे मैं पूरी तरह से घायल हो गया। विनोद विश्वकर्मा का यह भी कहना है कि मेरे घर के सामने अवैध कोयला रखा हुआ है। उसको जब हटाने को कहा तो मेरे साथ मारपीट की गई। उन्होंने कहा है कि ये तीनों भाई अवैध कोयला और शराब का कारोबार करते हैं। मुहल्ले में अपना रंगदारी कायम करना चाहते हैं। मैंने आज कतरास थाना में लिखित शिकायत कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुझे इलाज के लिए निश्चितपुर अस्पताल भेजा है।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई विदाई



**बलियापुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा का बलियापुर प्रखंड से दुमका जिला के रानेश्वर प्रखंड में स्थानांतरण होने पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी व 20 सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण महतो ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर बीपीओ विशाल कुमार, रवि चौरसिया, अजय पासवान, नीरज कुमार, जलेश्वर दास, नलिन कुमार, प्रीति कुमारी, चंचला कुमारी, विनीता कुमारी, गौरी कुमारी आदि प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

अब जाग जाओ, बाघमारा बचाओ अभियान के आठवें दिन किया गया भ्रमण व जनसंपर्क

# बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में करेंगे विकास की बुनियादी ढांचा को मजबूत : सूरज महतो



संवाददाता

**कतरास।** जनशक्ति दल का अब जाग जाओ-बाघमारा बचाओ अभियान संगठन के अध्यक्ष सह भावी विधान सभा प्रत्याशी सूरज महतो के नेतृत्व में जारी है। अभियान के आठवें दिन महतो का कारवां निचितपुर-2 पंचायत विभिन्न मुहल्लों में पहुंचा। इस दौरान स्थानीय सैंकड़ों महिलाएं, पुरुष व युवा वर्ग के लोगों ने महतो का जोरदार स्वागत किया। कारवां के पहुंचते हीं समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। ढोल-नगाड़े के धून पर कारवां पूरे क्षेत्र का परिभ्रमण किया। इस दौरान कार्यकताओं के साथ गांववासियों में जबर्दस्त जोश देखा गया। समर्थकों ने महतो को फूल मालाओं से लाद दिया तथा जोर-जोर से सूरज महतो जिंदाबाद, बाघमारा का विधायक कैसा हो, सूरज महतो जैसा हो, क्यों पड़े हो चक्कर में, कोई नहीं है टक्कर में, के नारे लगाए। पूरे अभियान में गुड़िया देवी अपने पति महतो को कदम ताल मिलाते हुए साथ दे रही हैं। उनके साथ दर्जनों महिलाएं लगातार चल रही हैं। गुड़िया देवी भी स्थानीय नागरिकों को हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए समर्थन मांग रही हैं। लोग भरपूर समर्थन व साथ देने का भरोसा दे रहे हैं। इधर महतो ने भी जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से समर्थन मांगा। भावी प्रत्यशी महतो ने कहा कि हमें जीत मिली तो बाघमारा के गांवों की चौमुखी विकास पर ठोस काम करेंगे। इसकी बुनियादी ढांचा सुदृढ़ करने के लिए हमने एक व्यापक प्लान बनाया है, जिसके अंदर सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार शामिल है। इसके अलावे क्षेत्र में औद्योगिक विकास और नए रोजगार के अवसर की रूप रेखा हमने तैयार की है। महतो ने कहा कि बस इस बार आपलोगों को ठोस निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के बिना बाघमारा का विकास संभव नहीं है।

मतदाता जागरूकता सेमिनार, युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कदम

## आपका एक वोट लोकतंत्र की दिशा तय कर सकता है : सुरेश प्रमाणिक



संवाददाता

**सिंदरी।** हर्ल में आयोजित मतदाता जागरूकता सेमिनार ने युवाओं को मतदान प्रक्रिया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जी एम सुरेश प्रमाणिक ने हिस्सा लिया, जिन्होंने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सुरेश प्रमाणिक ने अपने संबोधन में बताया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवा मतदाताओं को प्रेरित किया कि वे अपनी आवाज उठाएं और सक्रिय रूप से चुनावी प्रक्रिया में भाग लें। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट लोकतंत्र की दिशा तय कर सकता है। इसे हल्के में न लें। मंशुल जैन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक दुमका, जो इस सेमिनार में उपस्थित थे, ने भी युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि युवा समझें कि उनका वोट उनकी भविष्य की दिशा को निर्धारित कर सकता है। वे समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। मौके पर संत सिंह सुजीत दुबे गौतम माझी भी उपस्थित रहे। बता दें कि

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। इसके तहत मतदान प्रक्रिया, उम्मीदवारों का चयन और चुनावों में भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने सक्रिय रूप से सवाल पूछे और अपनी शंकाएँ स्पष्ट कीं, जिससे उन्हें चुनावी प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी मिली। कहा गया कि मतदाता जागरूकता के ऐसे कार्यक्रम लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब युवा मतदाता सही जानकारी के साथ मतदान करते हैं, तो वे न केवल अपने भविष्य को सुरक्षित करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य भी करते हैं। इस सेमिनार ने यह साबित कर दिया कि जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से युवा मतदाता अपनी शक्ति को पहचान सकते हैं और अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकते हैं।

## डीवीसी कैजुअल कर्मी की इलाज के दौरान मौत, स्वजनों ने नियोजन की मांग की



संवाददाता

**कुमारधुबी।** मैथन स्थित डीवीसी के भू संपदा विभाग में कार्यरत डीवीसी के कैजुअल कर्मी देवजीत भट्टाचार्य की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद स्वजनों ने नियोजन की मांग करते हुए डीवीसी प्रबंधन से गुहार लगाई है। हालांकि प्रबंधन के लोग अभी इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं बोल पा रहे हैं। मालूम हो कि मई महीने में डीवीसी के कैजुअल कर्मी देवजीत भट्टाचार्य डीवीसी के बील वितरण के लिए जा रहे थे, इसी दौरान मैथन डाइक एरिया में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें उन्हें कमर में गंभीर चोट आई। जिसके बाद उनका इलाज चल रहा था। इसी दौरान 7 सितंबर को उन्हें देशन अस्पताल कोलकाता में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने 5 अक्टूबर को उनका ऑपरेशन किया और 10 अक्टूबर को उनका निधन इलाज के दौरान हो गया। जिसके बाद स्वजनों ने इसकी सूचना डीवीसी प्रबंधन को दी। पहले तो डीवीसी प्रबंधन की ओर से सारी सुविधाएं देने की बात कही गई थी, लेकिन कैजुअल कर्मी के मौत के बाद प्रबंधन नियोजन देने में आनाकानी कर रही है। ऐसे में परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। देवजीत भट्टाचार्य की पत्नी पहले हीं गुजर चुकी है। उनका पुत्र रोहित भट्टाचार्य डीवीसी से नियोजन की गुहार लगा रहा है और कहा कि नियोजन नहीं मिला तो आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस मामले पर डीवीसी कैंजुअल संगठन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन को मृतक के स्वजन को नियोजन एवं मुआवजा अविलंब देना चाहिए जिससे कि परिवार को सहारा मिल सके। वहीं इस मामले पर डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि इस घटना की ज्यादा जानकारी उन्हें नहीं है। डीजीएम के आने के बाद हीं इस पर ज्यादा कुछ कहा जा सकेगा। ऐसे में डीवीसी प्रबंधन सार्थक सहयोग नहीं करती है तो स्वजन भविष्य में आंदोलन के लिए भी बाध्य होंगे।

## विधायक ने अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन लगाने के लिए कमरे का निर्माण करवाया



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने केन्दुआ डीह क्षेत्र की चिर परिचित मांग शहरी स्वास्थ्य केंद्र, केन्दुआ डीह में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन लगाने हेतु अपने विधायक निधि से कमरे का निर्माण करवा कर उसका उद्घाटन किया। गौरतलब है कि अल्ट्रासाउंड मशीन एवं उसका सिस्टम डीएमएफटी फंड से पास हो गया है। परंतु कमरे की कमी के कारण क्षेत्र के आम लोगों के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन को लगाया नहीं जा रहा था। विधायक श्री सिन्हा ने उक्त कमरे का एवं साथ ही शौचालय का भी निर्माण करवा कर आज आम जनों हेतु सौंपा। इस कमरे के बन जाने से क्षेत्र के दो से तीन लाख की आबादी को खासकर गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिलने लगेगा। पहले इस क्षेत्र के मरीजों को धनबाद शहर जाना पड़ता था। क्षेत्र के आम लोगों ने विधायक श्री सिन्हा का आभार जताया एवम हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के आम जनमानस के सभी समस्यायों के प्रति संवेदनशील हूँ। जानकारी प्राप्त होने पर त्वरित समाधान हेतु कृत संकल्पित हूं।

## यूनियन से मान्यता प्राप्त करने के लिए 4-6 दिसम्बर को रेलकर्मी करेंगे मतदान



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद रेलवे में यूनियनों की मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा मतदान के विभिन्न चरणों की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत ईस्ट सेंट्रल रेलवे जोन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ।ईसीआरकेयू के द्वारा हाजीपुर महाप्रबंधक मुख्यालय में 22 अक्तूबर को नामांकन दाखिल करने की तैयारी की जा रही है। इस दिन इस अवसर पर यूनियन द्वारा उक्त तिथि को रेलकर्मियों की एक विशाल जनसभा करने का कार्यक्रम किया जाएगा। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा इस दिन उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करेंगे और ईसीआरकेयू को पुनः बहुमत से जीत दिलाने का आह्वान करेंगे। ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डी के पाण्डेय और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव भी अपने संबोधन में ईसीआरकेयू एवं फेडरेशन के उपलब्धियों को जनसभा में रेलकर्मियों के समक्ष रखेंगे। ईसीआरकेयू के पूर्व अपर महामंत्री तथा अनुभवी और वरीय कॉमरेड बी के सिंह भी रेलकर्मियों को एक मजबूत यूनियन बनाने के लिए ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजई बनाने के लिए अपना संदेश रखेंगे।उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो० ज्याऊद्दीन ने कहा कि ज्ञात हो कि रेलवे में यूनियन को जोनल स्तर पर मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलकर्मी अपने गुप्त मतदान द्वारा यूनियन का चुनाव करते आ रहे हैं। यह पद्धति 2007 से प्रारंभ किया गया। छः वर्ष बाद 2013 में भी हुए चुनाव में पुनः ईसीआरकेयू को बहुमत मिला। 2019 के कोरोना के संक्रमण काल में रेल प्रशासन चुनाव प्रक्रिया नहीं करा पाई और फिर विभिन्न राज्यों के विधान सभा एवं फिर संसदीय चुनाव में प्रशासनिक व्यस्तता के कारण भी यूनियन के चुनाव नहीं हो पाए। अंततः फेडरेशन के दबाव पर रेलवे बोर्ड ने 4 से 6 दिसम्बर' 2024 को रेलवे में यूनियन के मान्यता प्राप्त करने के लिए चुनाव कराने की घोषणा की। इसके अंतर्गत नामांकन दाखिल करने के लिए ईसीआरकेयू ने 22 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू धनबाद टू शाखा के अध्यक्ष सह मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि उक्त तिथि को धनबाद मंडल के सभी शाखा सचिव तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस दिन की तैयारियों के लिए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता एवं नेताजी सुभाष, धनबाद टू के अध्यक्ष एवं मिडिया प्रभारी एन के खवास, चुनाव प्रभारी राजेश कुमार, धनबाद मंडलीय युवा समिति के सचिव राकेश कुमार पी के सिन्हा, बृज किशोर साव, बी बी सिंह, जे के साव आदि अपने अपने स्तर पर प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं।

कार्यक्रम › राजकमल में एक दिवसीय विज्ञान मेला संपन्न

## विज्ञान मेला से बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि विकसित होती है : सुमन्त




संवाददाता

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में विद्यालय स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 200 की संख्या में बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। बताते चलें कि विद्यालय से चयनित 50 बाल वैज्ञानिक प्रांतीय विज्ञान मेला में भाग लेने गिरिडीह जायेंगे। इस विज्ञान मेला का उद्घाटन आईआईटी आईएसएम के दो विद्वान शिक्षक प्रो० बॉबी एंथनी एवं डॉ० के पी अजीत, विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया ,प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा के हाथों संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने मीडिया को बताया कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित विज्ञान मेला में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के बाल वैज्ञानिक चैंपियनशिप लेकर आते हैं। इन आयोजनों से बच्चों में तार्किक क्षमता बढ़ती है एवं विज्ञान के प्रति उनकी सोच बृहद होती है। बाल वर्ग ने गति पर, कृषि एवं तकनीक पर, संवेदकों पर एवं नवाचार पर प्रदर्श बनाया। किशोर एवं तरुण वर्ग ने नवीकरणीय ऊर्जा, वायु प्रदूषण, विद्युत चुंबकीय प्रेरण, नैनो तकनीक एवं नवाचार पर प्रदर्श का निर्माण किया।मेला में बतौर निर्णायक सुषमा पांडेय, सप्तमी मोईत्रा लाहिरी, कुणाल कुमार, प्रतिमा चौबे ,सरदार कृपाल सिंह ,रतीश रंजन मिश्रा, अजय कुमार झा, ओमप्रकाश पांडेय, नवीन मिश्रा, रीता कुमारी एवं सिमरन सिन्हा उपस्थित थीं। कार्यक्रम में उप प्राचार्या उमा मिश्रा विज्ञान मेला के प्रमुख, विभूति सिंह ,मनोहर कुमार एवं कुणाल विश्वकर्मा सह प्रमुख के रूप में मेला की देखरेख कर रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ,उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिन संजीव कुमार अग्रवाल ,सहसचिव दीपक रूईया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी प्रतिमा चौबे, पार्थ सारथी सरकार एवं सुमोना दीक्षित ने चयनित बाल वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए आगे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामना दी है।

## निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

संवाददाता

**झरिया।** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने झरिया में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान से एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर सोमवार को झरिया वर्फगल स्थित चंडी मंदिर में आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान करना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। असर्फी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ कैंसर के प्रति जागरूकता पर जानकारी साझा की। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सभी के लिए महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति को उचित स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिले। इस शिविर के माध्यम से हम कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और कैंसर स्क्रीनिंग की गई। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन करने की योजना बनाई है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024

# संपादकीय



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**वन की अग्नि चंदन की लकड़ी को भी जला देती है अर्थात दुष्ट व्यक्ति किसी का भी अहित कर सकता है। - चाणक्य**

## पीपल्स प्रेजिंडेट डा. कलाम

डॉ कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे।

एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानीं स्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे। राष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे। उन्होंने आई.आई.आई.टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था। कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए 'व्हाट कैन आई गिव' पहल की शुरूआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) 'एम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ द इयर अवार्ड' के लिए मनोनित भी किया गया था।वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म 'आई एम कलाम' उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही। इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे।

## चिंतन-मनन

### द्वंद्व के बीच शांति की खोज

केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो।

जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर।

## आज का राशिफल

**मेष** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

**वृष** : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

**मिथुन** : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कर्क** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**कन्या** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**तुला** : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**धनु** : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**मकर** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुंभ** : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**मीन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

# लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो



कुलभूषण उपमन्यु



सोनम वांगचुक के नेतृत्व में एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए 100 से अधिक लोग दिल्ली पहुंचे। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत ये दल दिल्ली पहुंचा। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। यह लोग शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस इन्हें शक की नजर से देख रही है। अभी तक सरकार से आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं मिला। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है किंतु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त कराएगी। इससे समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा।

सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा दे कर विधानसभा और उपराज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं, उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमांत क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था।

असम, मिजोरम, और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषद हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति-रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है। पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है, यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं।

यह डर सभी पर्वतीय राज्यों में कमोबेश रहा है। आदिवासी लोगों में यह और भी ज्यादा है। इस मुद्दे पर चर्चा करके रास्ता निकला जा सकता है, लेकिन उनकी चिंता निराधार नहीं ठहराई जा सकती। सुना गया है कि लद्दाख के लोगों से छठे अनुसूची में लाने का वादा वर्तमान सरकार द्वारा किया गया था। तब तो इस समस्या को हल करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी सरकार हिचकिचा क्यों रही है समझ से परे है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के बारे में उनकी मांगें हिमालयी प्रदेशों के लिए महत्व रखती हैं। इसी कारण अन्य हिमालयी राज्यों में भी सोनम वांगचुक के संघर्ष के प्रति समर्थन का भाव है। पर्यावरण मित्र विकास और बृहदाकार निर्माण आधारित विकास में टकराव पूरे हिमालय में ही देखने को मिल रहा है। बृहदाकार निर्माण आधारित विकास संवेदनशील हिमालयी परिस्थिति तंत्र को तोड़फोड़ कर आगे बढ़ता है जिससे एक ओर पर्वतीय क्षेत्रों में मानव निर्मित आपदाओं में बढ़ोतरी हो रही है तो दूसरी ओर लोगों को पर्याप्त रोजगार भी नहीं मिल रहा।

आपदाग्रस्त और विस्थापितों का पुनर्वास भी बड़ी समस्या बना हुआ है। भाखड़ा और पोंग बांधों के विस्थापित अभी तक भी पूरी तरह से बस नहीं पाए हैं। इसलिए हिमालय में विकास के लिए वैकल्पिक मॉडल की खोज नवाचार के माध्यम से करनी होगी। कम से कम इतना तो मान कर ही चलना होगा कि हिमालय के लिए स्माल इज ब्यूटीफुल पर्वतीय राज्यों पर जलविद्युत उत्पादन का बड़ा दबाव है। इसमें कुछ नदियां तो लुप्तप्रायः ही हो गई हैं। ये झील में हैं या सुरंग में हैं। नदी तंत्र की रक्षा के लिए नदी दोहन की कोई सीमा निर्धारित करनी होगी। मान लो 60 फीसद से ज्यादा नदी का दोहन नहीं करेंगे, तो नदी भी जिंदा रहेगी और बिजली भी बन जाएगी।

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने नदी तंत्र पर जलविद्युत उत्पादन संबंधी मुद्दों पर रिपोर्ट देने के लिए अवय शुक्ल कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में 7000 फुट से ऊपर जल विद्युत परियोजनाएं न लगाने की संस्तुति की। किंतु इस तरह के किसी भी संयम को मानने में वर्तमान व्यवस्थाएं असफल रही हैं। देखा जाए तो इस आधार पर हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत उत्पादन की संतृप्ति सीमा आ चुकी है, किंतु जल विद्युत क्षमता का आकलन बढ़ता ही जा रहा है। बड़े-बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बजाय यदि हर गांव में एक मेगावाट सौर ऊर्जा रूफ टॉप और अनुपजाऊ भूमि पर बना ली जाए तो भारत वर्ष में 6 लाख मेगावाट बिजली बनाई जा सकती है।

आसान ऋण व्यवस्था और हरित ऊर्जा सब्सिडी से इसे संभव और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर भी पैदा होंगे और बृहद आकार निर्माण आधारित तोड़फोड़ से भी बचा जा सकेगा। अर्थात वैकल्पिक तकनीकें उपलब्ध भी हैं, नवाचार से खोजी भी जा सकती हैं। केवल राजनीतिक इच्छा शक्ति से दृढ़ता पूर्वक निर्णय लागू करने जरूरत है। आशा की जानी चाहिए कि लद्दाख आंदोलन को हल करने के लिए इस दिशा में सोचा जाएगा। आंदोलन अपने आप में गैरराजनैतिक है, किंतु ऐसी स्थितियों में राजनीतिक दलों को भी मुद्दा उड़ाने की कोशिशों से रोका नहीं जा सकता। फिर भी यदि वर्तमान भाजपा सरकार यदि मुद्दे को सुलझा लेती है तो उसे इसका राजनीतिक लाभ मिल ही जाएगा। **(लेखक, वरिष्ठ पर्यावरणविद हैं।)**

# जिद और जुनून से बदलती है दुनिया

मुकुंद

बहुत बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वयन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं।

तारीख-15 अगस्त, 2021। स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं।




यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके।'

इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है-चरैवेतिङ्ग चरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है। यह महत्वपूर्ण है कि विकसित बुनियादी ढांचे के जरिये ही दुनिया के अधिकांश देशों ने तरक्की की है। वह चाहे अमेरिका हो, जापान हो या फिर दक्षिण कोरिया और चीन। सभी ने मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की मदद से ही सिर्फ एक ही पीढ़ी के दौरान विकास की सर्वाधिक रफ्तार हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी प्रणीत पीएम गति शक्ति योजना इनसे भी अधिक प्रभावशाली है।

भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के अध्ययन के अनुसार, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खर्च किए गए हर एक रुपये से जीडीपी को ढाई से साढ़े तीन रुपये का फायदा पहुंचता है। मंदी के वक्त में यह बढ़ोतरी और ज्यादा असरदार होती है। अगर राष्ट्र में सड़कों, रेल लाइनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जल मार्गों का जाल बिछेगा तो सभी तरह के माल की ढुलाई की गति में तेजी आएगी। इससे लागत में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। शहरी और औद्योगिक केंद्रों के विकास में मदद मिलेगी तो लोगों की कमाई बढ़ेगी। केंद्र और राज्य सरकारों की कमाई में भी इजाफा होगा। सरकारों की कमाई बढ़ेगी, तो वे विकास और खुशहाली बढ़ाने के लिए ज्यादा काम करेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के स्वतंत्रता दिवस भाषण में इस बात पर जोर दिया था कि नेशनल मास्टर प्लान गति शक्ति करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने में मदद करेगा। तीन साल की उपलब्धियों से कहा जा सकता है कि पीएम गति शक्ति ने विभागीय बंधन तोड़े। आज यह योजना आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने वाली प्रमुख दीर्घकालीन योजनाओं में से एक है। आज यह आवश्यक है कि इस योजना के सकारात्मक प्रभाव को आसान भाषा में आम लोगों तक पहुंचाया जाए।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# लाइक-कमेंट के चाह में मंडराती मौत की रील

डॉ. सत्यवान सौरभ

आज का युवा रील लाइफ में जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर अधिक लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरूआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा लाइफ में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहरों में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं।

लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी-किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और अधिक सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए। वैसे तो बहुत से विषय हैं रील बनाने के, यदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित की जा सकती है। रील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें। बच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें।

सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं। सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ गलत न कर सके।

## सूडोकु नवताल- 7219

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7218 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से एनडीए झारखंड में सरकार बनाए : रवींद्र पांडेय



**दुगदा।** गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र से भाजपा टिकट पर पांच बार चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व करने वाले 16 वीं सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने सोमवार को चंद्रपुरा दुगदा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान श्री पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जल्द होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी। कहा कि सारे समीकरण भाजपा के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन की राशि को बंद कर मंईयाँ सम्मान योजना बांट रही है। पूर्व सांसद श्री पांडेय ने कहा कि जब चुनाव का बिगुल बजने वाला है। आदर्श आचार संहिता लागू होने वाला है तब जाकर वर्तमान जनप्रतिनिधियों की नींद खुली है। आनन फानन में जन प्रतिनिधि शिलान्यास करने लगे हुए हैं। ऐसे वक्त में शिलान्यास हो रहे हैं कि ये योजनाएं धरातल पर उतरेगी क्या यह बड़ा सवाल है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रशेखर महथा, अरुण सिंह, कमलेश दसोंधी, चंद्रपुरा प्रखंड महामंत्री भरत झा, लखेंद्र नाग लादेन, श्यामलाल किस्कू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन नेता के रूप में विख्यात थेः रवींद्र



**बेरमो।** बीएमएस से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र द्वारा सोमवार को स्व० दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के 16 वीं सांसद रवींद्र कुमार पांडे मौजूद थे। क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने श्री पांडेय को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ हीं उक्त मौके पर सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा एवं भामसं बोकारो जिला के संगठन मंत्री संत सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर सीसीएल सीकेएस ढोरी द्वारा समरसता दिवस के उपलक्ष्य पर क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर संगठन के गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर रवींद्र पांडेय ने कहा कि भामसं लाखों मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ रहा है जिसके कारण भामसं देश का नम्बर एक संगठन है। कहा कि स्व० दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन के प्रख्यात नेता थे। श्री मिश्रा ने कहा कि आज पूरे सीसीएल में सीसीएल सीकेएस स्व० ठेंगड़ी की पुण्यतिथि सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मना रहा है। उनके बताए रास्ते पर चलते हुए हमलोग मजदूरों की सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर समाज के असहाय लोगों और बच्चों को वस्त्र, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। ढोरी क्षेत्र द्वारा समरसता दिवस पर ढोरी क्षेत्र के सभी सफाई कर्मियों को जीन्स पैंट, टी शर्ट, बालिकाओं को स्कर्ट पैंट महिलाओं को साड़ी तथा मिठाई का पॉकेट उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि 2004 से ही भामसं सामाजिक समरसता दिवस मनाता आ रहा है। क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्व० दत्तोपंत ठेंगड़ी का त्याग तपस्या बलिदान के नारा की ताकत है कि आज भामसं देश का नंबर वन संगठन के रूप में स्थापित है। मौके पर ढोरी क्षेत्र प्रभारी जय प्रकाश झा, जिला मंत्री ललन मल्लाह, शहनवाज खान, बुधन नोनिया, अजय सिंह, राजेश पासवान, भुनेश्वर, प्रमोद कुमार गौतम, जीवनलाल रजक, प्रतोष कुमार रॉय, मिथलेश चौहान, बलाल हुसैन, बीरु मिश्रा, मनोज कुमार, अरविन्द ठाकुर, सोमनाथ मिश्रा, शरद कुमार, प्रशांत मिश्रा, पंकज कुमार, संदीप उरांव, शंकर सिन्हा, भाई प्रमोद कुमार सिंह, सरोजिनी दुबे,अनिता देवी आदि उपस्थित थे।

# नम आंखों से भक्तों ने दी माता को विदाई

संवाददाता



**चतरा।** विजयदशमी का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण के साथ संपन्न हो गया।इस अवसर पर प्रतापपुर जोगियारा, गुरिया, सिद्धकी, नवाडीह सहित विभिन्न स्थानों पर विभिन्न डिजाइनों के बनाए गए पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित कर बड़ी भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई। 10 दिनों तक पूरे क्षेत्र में भक्ति की बयार बहती रही। भक्तगण भक्ति के सागर में डुबकी लगाते रहे।

विजयादशमी के दिन प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय एवं अन्य जगहों पर मेला लगा। जहां बच्चों के खिलौने विभिन्न तरह की मिठाइयां और कई तरह के मन लुभावन वस्तुओं की बिक्री करते एवं खरीदते हुए देखा गया। रविवार को बेटी की विदाई नहीं होती है ऐसी मान्यता के साथ रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन नहीं करते हुए रविवार को पूजन आरती की गई एवं सोमवार को धूमधाम से भक्ति गीत के साथ मां दुर्गा के प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया।

श्रद्धालु भक्तगण मां दुर्गा की प्रतिमा का अपने दरवाजे पर पूजन किया। खोइछा दी गई और फिर आना माता कहकर सुख समृद्धि की कामना करते हुए बड़े भारी मन से विदा किया गया। नगर भ्रमण के पश्चात मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन प्रतापपुर जयप्रकाश डैम सहित निकटतम जलाशयों में किया गया। प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में महावीर चौक के समीप एवं राजगढ़ के समीप मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर उनका पूजन अर्चन किया गया था। महावीर चौक समिति स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना आचार्य धीरेंद्र शास्त्री एवं राजगढ़ पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा अर्चना राजेंद्र पांडेय ने कराई।

इस अवसर पर प्रतापपुर में 9 दिनों तक अयोध्या से आई हुई कथा वाचक उमा दीदी के द्वारा रामचरितमानस कथा का श्रवण कराया गया। इस कथा पंडाल में प्रतिदिन कथा समापन के बाद मंत्र कर के साथ आरती स्थानीय पंडित अतुल शर्मा कराते रहे। वही महावीर चौक स्थापित मां दुर्गा की पूजा आरती में अतुल शर्मा का भी सहयोग रहा।

विजयदशमी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करने वाले थाना प्रभारी कासिम अंसारी सहित कई लोगों को पूजा कमेटी ने मूर्ति विसर्जन के दिन सोमवार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने एवं श्रद्धालु भक्तों का विशेष ध्यान देते हुए शांतिपूर्वक मूर्ति विसर्जन तक दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष ऋषि कुमार, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सदस्यों एवं प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी एवं पुलिस के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 108 एंबुलेंस कर्मियों को तीन माह से वेतन भुगतान नहीं, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए

संवाददाता

**पलामू।** 108 एंबुलेंस के तहत कार्यरत कर्मचारियों का तीन महीने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। कर्मियो में ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) और ड्राइवर शामिल हैं। सभी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इनकी संख्या 92 है, जबकि एम्बुलेंस की संख्या 32 है, जिसमें 28 चालू हालत में है व चार खराब है। दोनों स्तर के कर्मियों ने एनआरएचएम से स्थाई करने की मांग है। साथ ही मांग पूरी होने तक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है।

इस सिलसिले में कर्मियों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सदर को लिखित आवेदन सौंपा गया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ने कहा कि बार-बार टेंडर बदलने के कारण नई एजेंसी के द्वारा रजिस्ट्रेशन के नाम पर ड्राइवर से 15 हजार और ईएमटी से 25 हजार रुपए की मांग की जाती है। हर 6 महीने में कंपनी बदल जाती है। रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं देने पर उन्हें काम से हटा देने की चेतावनी दी जाती है। हमेशा नौकरी जाने का भय बना रहता है। ऐसे में उन्हें एनआरएचएम से स्थायी किया जाए एवं पेमेंट किया जाए।

कर्मियों ने कहा है कि विगत तीन माह (एक माह का जीवीके ईमरी एवं दो माह का पिछली कंपनी जेडएचएल) का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में उनके समक्ष भारी आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उनकी 24 घंटे और सातों दिन सेवा ली जाती है। जुलाई और अगस्त 2023 का जेडएचएल एवं सिमंबर 2024 का जीवीके ईमरी कंपनी के तहत अभी तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है।

## बीएमएस ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पदाधिकारियों ने आशा सहित और संगिनी सहिया की विभिन्न मांगो को लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन बीएमएस के जिला मंत्री ललन मल्लाह के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर बीएमएस से संबंध सीसीएल कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य सलाहकार संचालन समिति सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन देश के 11 लाख आशा वर्कर और एक लाख आशा संगिनी वर्कर कार्यरत हैं जो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सर्वे और टीकाकरण एवं जच्चा बच्चा देखभाल संस्थागत प्रसव कराने आदि अनेकों कार्य करती हैं। परंतु उन्हें ना तो कोई वेतन और नहीं मानदेय दिया जा रहा है। जिला मंत्री ललन मल्लाह ने कहा कि आशा सहिया और आशा संगिनी केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित चार दर्जन से अधिक मद में कार्यरत हैं और यह स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ मानी जाती हैं। कहा कि मांगो में उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित कर आशा वर्कर को न्यूनतम 18 हजार, आशा संगिनी को न्यूनतम 24 हजार एवं बीटीटी (बीसीपीएम) को 32 हजार रूपए देने की मांग की गई है। साथ हीं अन्य मांगों में उन्हें महीने में 20 दिन की जगह 30 दिन कार्य देने, निःशुल्क बीमा करने, दुर्घटना में मृत्यु होने पर 15 लाख रुपए मुआवजा देने, रिटायरमेंट बेनिफिट 10 लाख करने, उम्र बंधन हटाते हुए पदोन्नति देने सहित 11 सूत्री मांगें शामिल हैं। प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री संत सिंह, जीतेंद्र तिवारी, उदेश दुबे, मनोज सिंह, अनीता देवी, सरोजनी दुबे, सुजाता देवी आदि शामिल थीं।

## 24 घंटे के बाद सिकंदर का हुआ पोस्टमार्टम

# पुलिस ने तीन आरोपित को किया गिरफ्तार



### परिजनों ने की नौकरी व मुआवजे के साथ दोषियों को सजा की मांग

संवाददाता

**चतरा/इटखोरी।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा गांव निवासी 35 वर्षीय सिकंदर भुइयां का शव रविवार को बरामद किया गया।

परिजनों का अरोप है कि युवक की हत्या कब्रिस्तान के विवादित भूमि को लेकर हुई है।

मृतक सिकंदर के दोनों आंख फोड़ दिया गया, साथ हीं उसके शरीर पर जले का निशान है। बताया गया कि वह रविवार की सुबह घर से बाहर निकाला था। जब घर नहीं लौटा तो परिजन उसे खोजबीन करने लगे। इस दौरान गांव के ही कब्रिस्तान के किनारे में उसका शव मिला। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। वहीं मौके पर पहुंचे बीडीओ और थाना प्रभारी को अक्रोशित ग्रामीणों ने बंधक बना लिया था। जिन्हें डीएसपी और एसडीएम आदि अधिकारी के घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के बाद मुक्त कराने के उपरांत देर रात शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा ले गई। वहीं पोर्स्टमार्टम के उपरांत सोमवार को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव में पुलिस की तैनाती करते हुए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। वहीं परिजनों में प्रशासन से दोषयों को सजा दिलाने के साथ एक आश्रित को नौकरी व मुआवजा देने की मांग की है।

दुसरी ओर भाजपा नेता सुजित भारती गांव पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए जिला प्रशासन से दोषियों को सजा व परिजनों को नौकरी की मांगकी। इधर डीएसपी ने कहा कि स्थिति शांतिपूर्ण है। वहीं मामले में तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जबकी विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गांव में पुलिस की तैनाती की गई है।

## नम आंखों से मां जगत जननी को दी गई विदाई

**चतरा (कान्हाचट्टी)।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबुल-चिलिहया चौक में दुर्गा पूजा धूमधाम से सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन हुआ। नवयुवक संघ पूजा समिति अध्यक्ष टिंकू पासवान, ड्रामा संचालक सह डायरेक्टर सुभाष चंद्र पासवान, नरेश कुमार पासवान, सचिव पिंटू यादव, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता और उपाध्यक्ष विक्की पासवान ने पूजा को धूमधाम व शांतिपूर्ण संपन कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वहीं इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ड्रामा का आयोजन दसवीं तक किया गया। जिसमें आसपास के विभिन्न गावों से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में एक्टर से लेकर डायरेक्टर एवं डांसर सभी इसी गांव के ही लोग थे। ज्ञात हो कि उक गांव मां तमासिन, मां भद्रकाली और मां कालेश्वरी के गोद में बसा है। राजपुर थाना प्रभारी संदीप कुमार दल बल के साथ मौजूद रहकर प्रतिमा विसर्जन करवाया।

## जिप सदस्य ने किया लक्ष्मणटुंडा से तुईयो पथ सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास

संवाददाता



**डुमरी/गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के जीटी रोड प्रतापपुर से चक्करबरई, मधवाडीह मेटियो बेड़ा होते हुए करमगड्डा रोड़ तक एवं लक्ष्मणटुंडा से तुईयो तक पथ सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास सोमवार को जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने नारियल फोड़ कर किया।

इस दौरान जिप सदस्य प्रदीप मंडल, उप प्रमुख उपेंद्र महतो, मुखिया राजकुमार महतो, अमीना खातून, राजकुमार पाण्डेय, खुर्शीद अंसारी, बजल हेंब्रम, असिन अंसारी, अजीत सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत गिरिडीह डुमरी पथ से बरियारपुर पथ का सदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो, मंत्री प्रतिनिधि राजकुमार पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक श्रीवास्तव, मुखिया ईश्वर हेम्ब्रम आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट व नारियल फोड़ कर किया। मौके पर पंसस मोतीलाल हांसदा, ऋषिकेश महतो, पूर्व मुखिया वासुदेव महतो, बलदेव महतो, सुखदेव महतो, कयूम अंसारी, विनोद महतो, वासुदेव राय, वीरेंद्र चौधरी, रामेश्वर चौधरी, कामेश्वर महतो, पूरन महतो आदि उपस्थित थे।

## भारी मात्रा में अवैध शराब ट्रक समेत किया गया जब्त

संवाददाता



**डुमरी/गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब सहित ट्रक को जप्त किया है। बता दें कि पुलिस को 13 अक्टूबर की रात्रि करीब 10.40 बजे सूचना प्राप्त हुई कि मधुबन थाना क्षेत्र अन्तर्गत डुमरी गिरिडीह पथ (एनएच- 114अ) के धावाटांड़ के पास एक 12 चक्का ट्रक यूपी 20 एटी 1840 दुघर्टना हो गया है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु जब मधुबन थाना की गश्ती दल धावाटांड़ पहुंची तो पाया कि उक्त दुघर्टनाग्रस्त ट्रक में भूसा लदा हुआ है। उससे स्प्रीट की तेज दुर्गंध आ रही थी और ट्रक पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। पुलिस बल द्वारा उक्त ट्रक पर लदा भूसा को हटाकर देखा गया तो पाया कि उक्त ट्रक में भारी मात्रा में अवैध शराब की पेटी लोड है। जो संभवतः तस्करी करने हेतु ले जाया जा रहा था। थाना प्रभारी मधुबन त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त ट्रक एवं उस पर लदे अवैध शराब को कब्जे में लेकर थाना ले गए एवं उक्त संबंध में थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई में जूट गए।बरामद अवैध शराब का अनुमानित मूल्य लगभग 50 लाख रूपया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद ने दी है।

**सिंदरी** शहरपुरा सब्जी मार्केट में 1,95,42,634 करोड़ की लागत से वेंडिंग जोन बनाया जाएगा

# फल सब्जी व मांस मछली के लिए अलग-अलग शेड आवंटित किए जाएंगे

संवाददाता



सिंदरी। नगर निगम की ओर से शहरपुरा सब्जी मार्केट को 1,95,42,634 करोड़ की लागत से 6 माह में वेंडिंग जोन बनाया जाएगा।

सोमवार को सिंदरी विधायक की धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी द्वारा नारियल फोड़कर शिलापट्ट का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मनीष साव, सांसद प्रतिनिधि सुनील चौधरी, जिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, राजेश चौधरी ,ईश्वर यादव, 55 नंबर वार्ड पार्षद साहब राम हेंब्रम व 53 नंबर वार्ड पार्षद चंपा देवी उपस्थित थे।

2 एकड़ में बन रहे वेंडिंग जोन में आठ शेड में 192 दुकाने एवं उनके नीचे आवंटित विक्रेताओं के स्टोर रूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा ड्रेनेज सिस्टम,विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के साथ महिलाओं और पुरुषों के लिए दो शौचालय का निर्माण किया

वेंडिंग जोन में निकासी और प्रवेश के लिए दो गेट का निर्माण किया जाएगा। फल सब्जी व मांस मछली के लिए अलग-अलग शेड आवंटित किए जाएंगे।

वेंडिंग जोन का मतलब स्थानीय प्राधिकरण द्वारा टाउन वेंडिंग कमेटी की सिफारिश के आधार पर स्थित वेंडर के लिए तय किया गया एक खास इलाका है। वेंडिंग जोन के लाभ यह है कि वेंडिंग जोन की वजह से सड़क पर वेंडिंग करने वाले लोगों को एक खास जगह मिलती है।

मौके पर समीर बाउरी, अरविंद पाठक,कांति महतो, विधान मंडल, नवीन महतो, प्रमुख सिंह, गणेश महतो, गोपाल महतो,अरविंद सिंह ,इंद्रजीत सिंह,विधान मंडल, बलवीर सिंह नागी के साथ बड़ी संख्या में सब्जी मार्केट के विक्रेता उपस्थित थे।

## मानसून की हुई विदाई, किसान कर रहे हैं रब्बी फसलों की बुआई

संवाददाता

**चतरा।** राज्य में मानसून की विदाई के साथ ही किसान रब्बी फसलों की बुवाई में लग गए हैं। पिछले एक सप्ताह से चतरा जिले के कई गांवों में किसान रब्बी फसल की बुवाई कर रहे हैं। इन दिनों किसानों का कारवां सुबह होते ही खेतों की ओर रूख कर लेता है। किसान खेतों ने नमी का फायदा उठाते हुए जुताई कर रहे हैं। जुताई के बाद खेतों में बीज डाला जा रहा है। इस बार अच्छी मानसून के बाद किसान रब्बी फसल से काफी उम्मीदें लगाए हुए हैं। नमी वाले खेतों में दलहन, तेलहन समेत सब्जियों की खेती की बुआई की जा रही है। इस बार बड़े पैमाने पर आलू, सरसों, मटर, चना व अन्य फसलें लगाई जा रही है।

किसानों ने बताया कि पत्थलगडा में इस बार मानसून की स्थिति बेहतर रही। यहां वाटर लेवल रिचार्ज हो गया है। ताल-तलैया और कूप लबालब भरा हुआ है। जिससे रब्बी की खेती में पानी की किल्लत नहीं होगी। पत्थलगडा मटर की खेती में चतरा जिले में अव्वल रहता है। इस बार भी यहां एक हजार हेक्टेयर में मटर की फसल लगाने की तैयारी की जा रही है। कई किसान अपने खेतों में मटर बो भी दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 11वीं शरीफ की तैयारी पूरी, गौसे आजम का फातिहा आज



**कोडरमा।** मुस्लिम बहुल इलाकों में 11वीं शरीफ की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस दौरान घरों में जहां गौस-ए-आजम का फातिहा होगा वहीं घर घर दावत का दौर भी चलेगा। इस माह घर-घर उलेमा मिलाद के तहत गौस-ए-आजम के जीवन पर रौशनी डालते हुए उनकी सच्चाई को बयां किया जाएगा। इस्लामिक साल के चौथे महीने रबिउल आखिर माह की 11 तारीख यानी 15 अक्टूबर को घर-घर गौसुल आजम हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी के नाम का फातिहा कराया जाएगा। ज्यादातर घरों में लोग जश्न-ए-मिलाद कराते हैं। जिसमें उलेमा गौसे पाक के बचपन की सच्चाई की कहानी का बयां करते हैं और लोगों को उनकी सच्चाई का हवाला देते हुए उन्हें भी सच्चा बनाने और सच्चाई की राह नहीं छोड़ने की नसीहत देते हैं। ग्यारहवीं शरीफ की दावत करने से गौस-ए-आजम की रहमत से घरों में बरकत होती है। कहते हैं कि गौस-ए-आजम ने अपनी जिदगी में कभी भी झूठ नहीं बोला। अपने जमाने के वलियों के वली थे। उनकी फातिहा और मिलाद कराने से घरों में बरकतों का आगमन होता है। गौस-ए-आजम पैगंबरे इस्लाम के शहजादों में से एक हैं।

### मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहा एक अभियुक्त गिरफ्तार



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया बाईपास रोड में वसुंधरा शोरूम के पास से मोटरसाइकिल चोरी कर एक व्यक्ति रांची - पटना मुख्य मार्ग से बिहार की ओर जा रहा है। उक्त घटना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा के आदेश पर कोडरमा थाना अंतर्गत दुधीमाटी में वाहन चेकिंग शुरू की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे एक अभियुक्त शिवशंकर कुमार, उम्र 36 वर्ष, पिता बदरी प्रसाद, सा० खोदोवेली,थाना- बरोरा, जिला- धनबाद को गिरफ्तार किया गया और चोरी की लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि यह मोटरसाइकिल चोरी कर बिहार ले जाकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले व्यक्ति को बेचने की योजना थी। आगे की पूछताछ में जानकारी मिली कि अभियुक्त ने पूर्व में भी अगस्त और सितंबर माह में कोडरमा जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं अंजाम दी थीं। इस संबंध में कोडरमा थाना काण्ड संख्या- 223/24 दिनांक- 13.10.2024, धारा 317 (4) के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बहुजन मुक्ति पार्टी का कमिटी का किया गया गठन



**जयनगर।** बहुजन मुक्ति पार्टी का महापंचायत चलकुशा प्रखंड के अलगड़िहा मैदान में सोमवार को आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार पासवान और संचालन डॉ० कैलाश प्रसाद ने किया। इस महापंचायत का उदघाटन सूदन के समाज सेवी कैलाश दास ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत शिक्षक महेंद्र राम, दशरथ राम,भातु प्रसाद रजक जयनगर थे। प्रमुख उपस्थिति दीपक कुमार यादव भारत मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र रजक अलगड़ीहा थे। संचालक सह बहुजन मुक्ति पार्टी के महासचिव ने महापंचायत में अपनी बात प्रमुखता से रखी कि दूसरे के पैर पकड़ने से अच्छा है अपने समाज का हाथ पकड़ना। वो कभी गिरने नही देंगे। बरकट्ठा विधान सभा को दोनों चाचा भतीजा ने बारी बारी से ठगने का काम किया है। इसलिए इस बार उनलोगों को टेंशन लेने की जरूरत नहीं पेंशन लेने की जरूरत है। महापंचायत में पहुंचे सभी लोगों ने कहा कि बरकट्ठा विधान सभा की जनता ने इस बार अपना मूड बना लिया है कि बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार पासवान को हीं चारपाई छाप पर बटन दबा कर जीताना है। हम सभी तन मन धन से बहुजन मुक्ति पार्टी के साथ हैं।

# शहर के सभी एलईडी लाइट को ठीक कराए नगर परिषद : पिंकी जैन



संवाददाता

**झुमरी तिलैया ।** निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर दीपावली से पहले शहर के सभी एलइडी लाइट की मरम्मत एवं शहर के सभी छठ घाट की सफाई करवाने की बात कही। कहा कि डेंगू बीमारी का प्रकोप शहर में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इसलिए प्रतिदिन सभी गली, मुहल्ले व बाजार में ब्लीचिंग पाउडर एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव आवश्यक रूप से करें। पिंकी जैन ने कहा कि शहर में श्रद्धा, आस्था व स्वच्छता का महापर्व छठ पूजा बड़े हीं धूमधाम से मनाया जाता है। समय से पूर्व हीं साफ सफाई करने एवं गंदगी से मुक्त होने से व्रत धारी और श्रद्धालु भक्तों को परेशानी नहीं होगी। नगर परिषद भी अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण कर सकेगा। शहर के चौक - चौराहे, गली - मुहल्ले में खराब पड़े एलइडी लाइट को दीपावली के पहले ठीक कर दिया जाय और महत्वपूर्ण स्थान पर नया एलइडी लाइट लगाया जाय। एलईडी लाइट ठीक प्रकार से नहीं बनाई जाती है, सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है, इसी कारण कई एलइडी लाइट के कीट एवं स्विच खराब पड़े हैं। जिसके कारण वह जल नहीं रहा है। नगर प्रशासक ने सभी छठ घाट की साफ सफाई और खराब पड़े एलइडी लाइट को जल्द ठीक करने की बात कही है।

## विधायक ने 13 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



संवाददाता

**जयनगर।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सोमवार को जयनगर प्रखंड की विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसकी लागत करीब 13 करोड़ रुपए है। विधायक यादव ने गडगी से कटिया रोड निर्माण, मुसौवा से परसाबाद भाया करमाटांड़ रोड निर्माण, जयनगर थाना मोड़ से गोपालडीह सड़क निर्माण, गेड़े फैक्टरी से बिहारो भाया महेशमराय पपरावो सड़क निर्माण सहित अन्य सड़कों का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हमने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है जिससे क्षेत्र का विकास होगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष निर्मला देवी, सुधीर सिंह, रामदेव मोदी, विनय सिंह, दुर्गा चौधरी, जेई रुकमणि निराला, यमुना कुमार, विजय राणा, जयप्रकाश राम, रामनारायण यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विनोद कुशवाहा ने किया जनसंपर्क अभियान

## क्षेत्र का हूं सेवक, क्षेत्र की हर समस्या का समाधान हमारी जिम्मेदारी : विनोद कुशवाहा



संवाददाता

**हजारीबाग ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के भावी उम्मीदवार विनोद कुशवाहा ने बनाहापा और चुटियारो में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करना था। कुशवाहा ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का गहराई से अध्ययन किया। विनोद कुशवाहा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह उनकी परेशानियों को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हित में काम करती आई है और आगे भी करेगी। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि अगर उन्हें विधानसभा में मौका मिलता है तो वे क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाएं लाएंगे, जो जनता की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करेंगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान, कई ग्रामीणों ने पानी, बिजली, और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायत की। विनोद कुशवाहा ने इन समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह इन मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाएंगे और जनता को इनसे राहत दिलाने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं इस क्षेत्र का सेवक हूं और क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करना मेरी जिम्मेदारी है। विनोद कुशवाहा का यह जनसंपर्क अभियान कांग्रेस की आगामी चुनावी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। विनोद कुशवाहा ने कहा कि वह जनता से सीधे संवाद करके उनके मन की बात जानना चाहते हैं ताकि उनकी समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल किया जा सके। अभियान के दौरान विनोद कुशवाहा को जनता का भरपूर समर्थन मिला।

## बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच ने की सहराईर चांचर आर बरदखूंटा कार्यक्रम की तैयारी



संवाददाता

**रामगढ़।** सरना उच्च विद्यालय कोठार में रविवार को बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की बैठक हुई। अध्यक्षता समाजसेवी कालेश्वर महतो तथा संचालन द्वारिका प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया। सोहराय चांचईर आर बरद् खूंटा कार्यक्रम 29 अक्टूबर भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। सिद्धू कान्हो जिला मैदान बाजार टांड़ से रामगढ़ कॉलेज तक जुलूस की शक्ल में लोग शामिल होगें। जिला भर से हजारों की संख्यां में सभी अपने सांस्कृतिक वेशभूषा के साथ पहुंचेंगे। पारंपरिक गीत संगीत नृत्य गाते हुए एक जूट होकर चलेंगे। सभी लोग बाजार टांड से चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक, बिजुलिया होते हुए रामगढ़ कॉलेज मैदान तक लोग पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के सभी क्षेत्रों से लोग अपने चांचर टीम के साथ लेकर इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच का कार्यक्रम अगले वर्ष की भांति इस वर्ष भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की तैयारी पर विमर्श किए गए। बैठक में रवि कु महतो, द्वारिका प्रसाद ,संतोष महतो, पानेश्वर कुमार, आनंद केटियार , रमेश कुमार महतो, ओम प्रकाश महतो, संतोष टिडुवार, देवानंद महतो, कुशवाहा पंकज महतो, बिहारी महतो, शिवनंदन मुंडा,भीम महतो, जागो राम, राजेंद्र बेदिया, मुरारी प्रसाद, रूपलाल महतो, निखिल निहोल, पवन कुमार महतो, अनूप प्रकाश, डॉ राजेश महतो, विकी कुमार, खिरोधर महतो, अर्जुन कुमार, विजय कुमार ,विक्रम कुमार महतो ,राजेंद्र महतो, पिंटू कुमार राजेंद्र बेदिया, लीलावती महतो, रूपा महतो ,भारती कुशवाहा, गुड्डी देवी, कालेश्वर महतो ,लालू कुमार, सुधीर अकेला, सूरज कुमार मुंडा, संजय महतो, संतोष महतो, प्रकाश प्रभाकर ,प्रवीण कुमार , अशोक चौधरी, करण कुमार, कृष्णा महतो, मनोज कुमार ,अरुण कुमार पटेल, महेश निगम, प्रेम कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, अनिल कुमार, पुनीत महतो, सूरज महतो धनंजय कुमार, अजीत महतो ,किशोर कुमार, गिरी शंकर महतो, चंद्रदेव कुमार, बिहारी महतो ,कैलाश कुमार, अमित कुमार, सुरेंद्र महतो, राजदीप कुमार महतो ,अनिल महतो ,दीपेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार महतो, तिलेश्वर कुमार, संतोष बसरियार, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

### युवक ने छडवा डैम में कूदकर की आत्महत्या

**हजारीबाग।** कटकमसाडी प्रखंड के कंचनपुर गांव के निवासी धर्मेन्द्र गोप ने छडवा डैम में कूदकर आत्महत्या कर ली। 22 वर्षीय धर्मेन्द्र, संतोष गोप का पुत्र था। दुर्गा पूजा के दौरान जागरण देखकर घर लौटने के बाद, वह सुबह अपनी मोटरसाइकिल लेकर निकला। धर्मेन्द्र आस-पास के गांवों से दूध इकट्ठा करने का काम करता था। परिवार को इस घटना की कोई आशंका नहीं थी। जब धर्मेन्द्र काफी समय बाद भी घर नहीं लौटा, तब परिवार को पता चला कि छडवा डैम के पुल के पास उसकी मोटरसाइकिल और चप्पलें पड़ी हैं। गांव वालों ने तत्काल स्थानीय ओ पी पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय को सूचित किया। थाना प्रभारी ने एन डी आर एफ टीम को बुलाकर शव को बाहर निकालने का निर्णय लिया। धर्मेन्द्र के डैम में डूबने की खबर मिलते ही सैकड़ों गांववाले छडवा डैम के पुल के पास जुट गए और खोजबीन शुरू कर दी।

## मिट्टी का मकान ढहने से छीन गया आशियाना, बाल - बाल बचे लोग



संवाददाता

**जयनगर।** जयनगर प्रखंड के ग्राम बेहरा डीह निवासी महेश साव, पिता स्व० बढ़ू साव के मिट्टी का मकान अचानक बीती रात ढह गया। जिसमें लोग बाल-बाल बच गए। गनीमत रहा कि परिवार के सभी सदस्य मूर्ति विसर्जन के लिए घर से बाहर निकले हुए थे, तभी अचानक से मकान ढह गया। वहीं खाने पीने का समान मकान के अंदर दब गया और दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। बता दें कि महेश साव ने अबुआ आवास योजना के लिए कई बार मुखिया से गुहार लगाई। परंतु आज तक अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला। उन्होंने बताया कि अगर सही समय पर अबुआ आवास मिल जाता तो आज इतनी बड़ी घटना नहीं होती। उनका कहना है कि जो लोग अबुआ आवास योजना लेने के लायक हैं, उन्हें न मिलकर अयोग्य लोगों को यह लाभ दिया जा रहा है, जो अति निंदनीय है। वहीं महेश साव ने बताया कि मेरा मिट्टी का मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। अब मुझे चिंता इस विषय की है कि मैं अपने परिवार और बच्चों को लेकर कहां रहूंगा ? उन्होंने प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन से अति शीघ्र आवास की मांग की है। ताकि वह अपने परिवार और बच्चों के साथ सुरक्षित रह सके।

## प्रेरणा शाखा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान व स्वच्छता को लेकर बांटे डस्टबिन

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाओ

संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने झुमरी तिलैया के विभिन्न पूजा पंडालों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया और इसके प्रति लोगों को जागृत करते हुए कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम और कन्या को शिक्षित करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के माध्यम से हर व्यक्तियों के बीच स्वच्छता अभियान के तहत डस्टबिन का वितरण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेटी और बेटे के जन्म पर पौधा लगाने सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवरात्र के नौ दिनों में प्रेरणा शाखा के पदाधिकारी और सदस्यों ने स्कूली बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री तथा बेटियों के जन्म को लेकर बेबी किट का वितरण किया।

दादी या नानी जो भी उपस्थित थे, उन्हें पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंडालों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाओ, बेटी को जीवन का हक दो, बाल विवाह पर रोक लगाओ आदि संदेश दिए गए।

मौके पर मारवाड़ी युवा मंच मंडल 1 के सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करके हीं आने वाले समय में शिक्षित समाज का निर्माण संभव है। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि नवरात्र के पावन पर्व पर मां दुर्गा की पूजा के साथ समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा का भाव जगाने के उद्देश्य से 9 दिनों तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बेटियां समाज और देश के भविष्य हैं। इसके प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। यह भी बताया गया कि बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे और रक्षाबंधन पर कलाई पर राखी किससे बंधावाओगे। नवरात्र में शाखा सदस्यों के द्वारा घर-घर में कन्याओं का पूजन किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, सचिव शीतल पोद्दार, परियोजना निदेशक श्वेता गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया, नीतू चौधरी, प्रियंका अग्रवाल, दीपा गुप्ता, मीना हिसारिया, गुंजन अग्रवाल, स्नेह अग्रवाल आदि ने अपनी विशेष भूमिका निभाई।

**बैठक** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक संपन्न

# कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से समाज का होगा उम्मीदवार : मंच

### नवंबर माह में जरासंध जयंती समारोह आयोजित करने का लिया गया निर्णय



संवाददाता

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक रविवार को शिव मोहल्ला निवासी मंच उपाध्यक्ष रवि राम के आवास पर मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत, ओम प्रकाश राम व महेंद्र राम की उपस्तिथि में मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता व सचिव महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव महेश भारती ने मासिक कार्य रिपोर्ट पेश करते हुए सर्व प्रथम समाज की राजनीतिक ,सामाजिक,आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तिथि पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज के अंदर राजनीतिक वा शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने पर जोर दिया। साथ हीं श्री भारती ने समाज की सदस्यता सह सर्वेक्षण रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए कहा कि कोडरमा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रवंशी समाज के लगभग बावन हजार से भी ऊपर की संख्या सिर्फ मतदाता होने के बावयुद हमारे समाज को कोई भी राजनीतिक दल तरजीह नही देते हैं। और तो और कुछ राजनीति दल सिर्फ समाज के लोगों को चुनाव के समय वोट बैंक समझते हैं। यूज एंड थ्रो के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसलिए 2024 के विधान सभा चुनाव में कोडरमा से समाज का कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल से भी टिकट लेकर आते हैं तो समाज तन मन धन से सहयोग करेगा। या फिर समाज को अपना स्वतंत्र उम्मीदवार उतारना चाहिए। जिस पर सभी की सहमति के साथ उम्मीदवार देने का निर्णय लिया गया। वहीं मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन नें समाज के सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए आने वाले पंचायत, नगर एवं विधान सभा चुनाव में भी अपनी ताकत के साथ एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। साथ हीं श्री नवीन ने जोर देकर कहा कि किसी भी समाज के राजनीतिक उत्थान के बिना सामाजिक उत्थान नही हो सकता। साथ हीं मंच ने यह कहा कि विधान सभा चुनाव में जो राजनीतिक दल उम्मीदवारी देगा समाज उसके साथ खड़ा रहेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवंबर माह में जरासंध जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा । जिसकी तैयारी अभी से शुरू कर देने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रवि राम, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती, अरुण राम, उपेंद्र वर्मा, विजय राम, दिवाकर राम, अनिल राम, मनोज राम, रंजीत राम, राजकुमार राम, रवि रवानी, मुकेश राम, विजय कुमार, मनोज कुमार, द्वारिका राम, प्रेम कुमार आदि लोग ने भाग लिया। जबकि बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष रवि राम ने किया।

## प्रखंड स्तरीय आजाद समाज पार्टी की बैठक संपन्न



संवाददाता

**जयनगर।** जयनगर प्रखंड परिसर कोडरमा में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कोडरमा राजेश रजक एवं संचालन मो० अमानत खान के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी के राष्ट्रीय संगठन सचिव बासुदेव बौध एवं बरकट्ठा विधान सभा प्रभारी एवं भावी प्रत्याशी उमेश यादव उपस्थित रहे। इस बैठक में जिला कमिटी के निर्देश पर प्रेम कुमार यादव को प्रखंड अध्यक्ष, सचिव शक्ति पासवान, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष अजीत पासवान तथा उपाध्यक्ष जैनुल खान को बनाया गया। पार्टी का पट्टा देकर सभी को सम्मानित किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जयनगर प्रखंड में वन बूथ टेन यूथ बनाकर जिला को सौंपे। मौके पर प्रेम कुमार जिला महासचिव, कृष्णा पासवान जिला वरीय उपाध्यक्ष ,राजेश यादव, सागर कुमार, मुन्ना कुमार गौतम, प्रेम यादव, उपेंद्र यादव, जैनुल खान, शक्ति पासवान, बैजनाथ यादव, संजय दास, दिलीप यादव, अजहर अंसारी, शिवचरण दास एवं सभी जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### केन्याई धावक रूथ चेपनगेटिच ने शिकागो में तोड़ा महिला मैराथन का विश्व रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** केन्या की रूथ चेपनगेटिच ने रविवार को इतिहास रचते हुए शिकागो में महिलाओं की मैराथन का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने पिछले सर्वश्रेष्ठ से लगभग दो मिनट पीछे रहकर दो घंटे, नौ मिनट और 56 सेकंड का अनौपचारिक समय लेकर दौड़ पूरी की। चेपनगेटिच ने शिकागो में अपना तीसरा खिताब जीता और इथियोपिया की टिगस्ट अस्सेफा के पिछले साल बर्लिन में बनाए गए 2:11:53 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इथियोपिया की सुतुमे केबेडे ने दो घंटे 16 मिनट और 36 सेकंड बाद रेखा पार की, जबकि केन्या की इरीन चेप्टाई (2:17:51) तीसरे स्थान पर रहीं।रिकॉर्ड तोड़ने के बाद चेपनगेटिच ने कहा, मेरा सपना सच हो गया है,जिसका समय मूल रूप से 2:09:57 दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में इसे समायोजित कर दिया गया। चेपनगेटिच ने शुरू से ही तेज रफ़्तार पकड़ी, पहले पाँच किलोमीटर 15 मिनट में दौड़ीं और आधे रास्ते तक उन्होंने खुद और केबेडे के बीच 14 सेकंड का अंतर बना लिया। 2019 की विश्व चैंपियन चेपनगेटिच रेस पूरी करने के बाद थककर झुक गईं और अपने प्रदर्शन को हमवतन केल्विन किप्टम को समर्पित किया, जिन्होंने एक साल पहले शिकागो में पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था और चार महीने बाद एक कार दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी।

### ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों को चुना : श्रीजेश

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन रविवार को विभिन्न फ्रैंचाइज़ियों के प्रमुख लोगों ने अपनी टीम की संरचना और नीलामी प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए, जिससे आने वाले सत्र के लिए उनका आत्मविश्वास और उत्साह झलका। दिल्ली एसजी पाइपर्स के निदेशक और सहायक कोच पीआर श्रीजेश ने टीम के चयन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टीम की संतुलित प्रकृति पर जोर दिया, जिसमें अनुभवी विदेशी और प्रतिभाशाली भारतीय खिलाड़ियों का मिश्रण शामिल है। श्रीजेश ने कहा, हमने एक अच्छी टीम चुनी है, जिसमें एक विदेशी गोलकीपर भी शामिल है। ज्यादातर, हमने भारतीय खिलाड़ियों को चुना है, जिससे डिफेंस और मिडफील्ड में पर्याप्त खिलाड़ियों के साथ एक संतुलित टीम तैयार हुई है। अह हमें फॉरवर्ड और मिडफील्ड पोजीशन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। टीम के साथ अपनी परिचितता को दर्शाते हुए, उन्होंने कहा, मैं उन खिलाड़ियों को जानता हूँ जो हमारे साथ हैं; वे मेरे जूनियर हैं। एक खिलाड़ी आपको खेल नहीं जिता सकता; जीत तो टीम को ही मिलती है।

### नेपाल के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए यूएसए टीम घोषित, अली खान की वापसी, टेलर बाहर

**न्यूयॉर्क।** पूर्व कप्तान स्टीवन टेलर को इस सप्ताह के अंत में नेपाल के खिलाफ होने वाली टी20आई सीरीज के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है, वहीं तेज गेंदबाज अली खान की वापसी हुई है। 31 वर्षीय टेलर, विश्व कप और नीदरलैंड में 50 ओवर की सीरीज में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। वह नीदरलैंड में टी20आई टीम का हिस्सा थे, लेकिन सीरीज से पहले एकदिनी श्रृंखला में चोट लगने के बाद उन्हें 'आराम' दिया गया था। विश्व कप के बाद से अपनी पिछली 7 पारियों में 13 की औसत से रन बनाने वाले नीतीश कुमार को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया। कनाडा के पूर्व कप्तान, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में टी20 विश्व कप में टीम की अगुवाई की थी, ने भारत के खिलाफ 27 रनों की प्रभावशाली पारी के बाद अपना फॉर्म खो दिया। समित पटेल एक बार फिर कमर की चोट के कारण छह सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे, जिससे वह टी20 सीरीज के बाद 50 ओवर की त्रिकोणीय सीरीज से भी बाहर हो जाएंगे। हालांकि यूएसए अपने करिश्माई तेज गेंदबाज अली खान से उत्साहित होगा।

### इमर्जिंग टीम एशिया कप के लिए भारतीय ए टीम घोषित, तिलक वर्मा होंगे कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने मस्कट, ओमान में 18 से 27 अक्टूबर 2024 तक खेले जाने वाले आगामी एसीसी पुरुष टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के लिए सोमवार को भारतीय ए टीम की घोषणा कर दी है। बल्लेबाज तिलक वर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि अभिषेक शर्मा टीम के उप कप्तान होंगे। भारत ए को ग्रुप बी में ओमान, पाकिस्तान ए और यूएई के साथ रखा गया है जबकि अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, हांगकांग और श्रीलंका ए को ग्रुप ए में रखा गया है। भारत ए 19 अक्टूबर, 2024 को ओमान के मस्कट में क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में पाकिस्तान ए के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। इसके बाद भारत 21 अक्टूबर को यूएई और 23 अक्टूबर को ओमान से भिड़ेगी। भारत ए की टीम इस प्रकार हैः तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा (उपकप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, रमनदीप सिंह, नेहल वढेरा, आयुष बदोनी, अनुज रावत (विकेटकीपर), साई किशोर, रितिक शौकीन, राहुल चाहर, वैभव अरोरा, अंशुल कंबोज, आकिब खान, रसिक सलाम।

# डेनमार्क ओपन: आर्कटिक ओपन की निराशा के बाद फॉर्म हासिल करना चाहेंगे सिंधु, लक्ष्य सेन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन सितारे पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 अमेरिकी डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 में भाग लेकर अपने सत्र की निराशाजनक शुरूआत से उबरकर वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे।

पिछले हफ़्ते फिनलैंड के वंता में आर्कटिक ओपन में दोनों खिलाड़ियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जहां पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा, जबकि 2021 के विश्व कांस्य विजेता सेन दूसरे दौर में बाहर हो गए। ओडेंस के एरिना फिन में, दोनों खिलाड़ी बेहतर नतीजों की उम्मीद करेंगे। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में दोनों भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे, जो 2024 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर का 13वां आयोजन है। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन पिछले हफ़्ते चीनी ताइपे के



चोउ टिएन चेन से हार गए थे। यहां, अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी सेन का सामना अपने शुरूआती मैच में चीन के लू गुआंग जू से होगा। अगर वह आगे बढ़ते हैं, तो सेन का दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से मुकाबला हो सकता है, जबकि थाईलैंड के मौजूदा विश्व चैंपियन कुनलावुत विटिडसर्न क्वार्टर फाइनल में उनका इंतजार कर रहे होंगे।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को आर्कटिक ओपन में कनाडा की मिशेल ली से पहले दौर में मिली निराशाजनक हार के बाद अपने प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले मुद्दों को जल्दी से जल्दी हल करना होगा, एक प्रतिद्वंद्वी जिसे वह पहले 10 बार हरा चुकी हैं।

नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून-इल के मार्गदर्शन में, वह चीनी ताइपे की पाई यू पो के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी और अगर वह आगे बढ़ती हैं, तो दूसरे दौर में उनका सामना चीन की हान यू से हो सकता है।

सिंधु के अलावा, महिला एकल में भारत के कई अन्य प्रतियोगी होंगे, जिनमें फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और होनहार प्रतिभा उन्नति हुड्डा शामिल हैं।

बंसोड़, जो चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुँची थीं, पहले वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से भिड़ेंगी, जबकि कश्यप का सामना थाईलैंड की सुपनिडा कटेथोंग से होगा। 2022 ओडिशा ओपन विजेता हुड्डा का मुकाबला यूएसए की लॉरेन लैम से होगा।

पुरुष युगल में कोई भारतीय प्रतिनिधित्व नहीं होगा, लेकिन पेरिस ओलंपिक से चूकने वाली ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल में भाग लेंगी, जिसमें उनका मुकाबला मलेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी पर्ली टैन और थिन्नाह मुरलीधरन से होगा।

पांडा बहनें, स्वेतापर्णा और रुतपर्णा, चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई और यांग चिंग तुंग से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में, बी सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की पति-पत्नी की जोड़ी का सामना कनाडा के केविन ली और एलियाना झांग से होगा, जबकि सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ का सामना इंडोनेशिया के रेहान कुशारजंतो और लिसा कुसुमावती से होगा।

# महिला एचआईएल: ऐतिहासिक नीलामी के लिए 350 से अधिक खिलाड़ी तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सात साल के अंतराल के बाद, बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 एक विस्तारित प्रारूप के साथ शानदार वापसी कर रही है, जिसमें पुरुष और पहली बार एक विशेष महिला लीग दोनों शामिल हैं। मंगलवार को होने वाली ऐतिहासिक महिला नीलामी हॉकी की दुनिया में एक प्रमुख मील का पत्थर है, जो खेल के विकास और महिला हॉकी की बढ़ती प्रमुखता को प्रदर्शित करती है।

एचआईएल ढांचे के भीतर एक विशेष महिला लीग की शुरूआत न केवल महिला एथलीटों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है, बल्कि पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ समानता भी सुनिश्चित करती है, जिससे भारतीय हॉकी के लिए अधिक समावेशी और प्रतिस्पर्धी भविष्य का मार्ग प्रशस्त होता है। यह भारत में उन दुर्लभ उदाहरणों में से एक है जहां एक प्रमुख खेल

**एचआईएल नीलामी एक बड़ी उपलब्धि**



लीग के पुरुष और महिला दोनों संस्करण एक साथ चलेंगे। नीलामी में 250 से अधिक घरेलू महिला खिलाड़ी और 70 से अधिक विदेशी खिलाड़ी महिला एचआईएल के उद्घाटन सत्र में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस आयोजन में भारत की शीर्ष महिला हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगी, जिनमें अनुभवी गोलकीपर सविता, टीम की कप्तान सलीमा टेटे, उभरती ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, सबसे अधिक मैच खेलने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी वंदना कटारिया और फॉरवर्ड लालरेम्सियामी शामिल हैं।

इसके अलावा, योगिता बाली, लिलिमा मिंज और नमिता टोप्पो जैसी पूर्व भारतीय खिलाड़ियों ने भी पंजीकरण कराया है, जिससे नीलामी में और भी रोमांच बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, डेलफिना मेरिनो (अर्जेंटीना), चार्लोट स्टेपेनहोर्स्ट (जर्मनी), मारिया ग्रेनाटो (अर्जेंटीना), राचेल लिंच (ऑस्ट्रेलिया) और नाइक लोरेंज (जर्मनी) जैसी प्रसिद्ध खिलाड़ी भाग लेने के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय रूप से, एचआईएल 2024-25 के महिला संस्करण के पहले सत्र में कुल चार टीमें भाग लेंगी, जबकि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में दो और टीमें जोड़ी जाएंगी। हिस्सा लेने वाली टीमें सूरमा हॉकी क्लब, हरियाणा और पंजाब-जेएसडब्ल्यू, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, पश्चिम बंगाल - श्राची स्पोर्ट्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स, नई दिल्ली - एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट, ओडिशा वारियर्स, राउरकेला - नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद तूफान (सीजन 2) और बीसी जिंदल ग्रुप, मुंबई (सीजन 2) हैं।

प्रत्येक टीम में 24 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों का अनिवार्य समावेश) और 8 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे, जो स्थानीय और वैश्विक प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के एचआईएल के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# हम ढीली गेंदों को हिट नहीं कर सके : हरमनप्रीत

एजेंसी

**शारजाह।** आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ रन से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह और दीप्ति शर्मा अपनी साझेदारी के दौरान कुछ ढीली गेंदों को सही से हिट नहीं कर सकीं,जिसके कारण अंततः टीम की हार हुई। एनाबेल सदरलैंड के शानदार अंतिम ओवर की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को शारजाह में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप मैच में मात्र नौ रन से जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर यह था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं थी और उसके पास कुछ बेहतरीन ऑलराउंडर भी थे। हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है, वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रहते हैं, उनके पास कई ऑलराउंडर हैं जो योगदान देते हैं।



हमने भी अच्छी योजना बनाई थी और हम खेल में मौजूद थे। उन्होंने आसानी से रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं। यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है, आपको हमेशा अपने प्लेइंग इलेवन को तैयार रखना होता है, भले ही एक या दो खिलाड़ी बाहर हों। उन्होंने कहा, राधा ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, वह खेल में थी और उसने अच्छा क्षेत्ररक्षण भी किया। आपको टीम में ऐसे चरित्र की आवश्यकता होती है जो हमेशा मौजूद रहे।

### इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित, कप्तान स्टोक्स की वापसी

**मुल्तान।** इंग्लैंड और पाकिस्तान टीम के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कल यानी मंगलवार से मुल्तान में खेला जाएगा। सीरीज में इंग्लैंड की टीम पहला टेस्ट मैच जीतकर 1-0 से आगे है। इस बीच सोमवार को दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया गया है। दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की वापसी हुई है। बेन स्टोक्स इस साल अगस्त के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण स्टोक्स ने इंग्लैंड के लिए पिछले चार टेस्ट मिस किए। वह श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज और पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए। उनकी अनुपस्थिति में ओली पोप ने टीम की कमान संभाली। हालांकि, स्टोक्स इंग्लैंड टीम के साथ नियमित रूप से जुड़े रहे और अब वह फिट होकर फिर से टीम की कमान संभालेंगे।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए ग्रीन

एजेंसी

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर के लिए सर्जरी होगी, जिससे वह भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, रिकवरी का समय लगभग छह महीने होने का अनुमान है। सर्जरी के लिए आगे बढ़ने का फैसला कैमरनके एक ऑलराउंडर के रूप में दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया है। ग्रीन को इंग्लैंड में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पीठ के निचले हिस्से में तनाव



फ्रैक्चर का पता चला था, जिससे भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अटकलें लगाई जा रही थीं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा था कि ग्रीन इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों से सर्जरी करवानी चाहिए, जिन्होंने पहले भी तेज गेंदबाजों की मदद की है। विकल्प यह था कि सर्जरी के बिना ही उन्हें ठीक किया जाए और ग्रीन को भारत सीरीज में केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने दिया जाए। हालांकि, ग्रीन की स्थिति अधिक जटिल थी, इसलिए सर्जरी बेहतर थी। प्रवक्ता ने कहा, जबकि तेज गेंदबाजों में रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर असामान्य नहीं है,पूरी तरह से परामर्श के बाद यह तय किया गया कि कैमरनको सर्जरी से लाभ होगा।

## व्यापार

# आईपीओ लॉन्च होने के पहले ग्रे मार्केट में हुंडई की घटी चमक

### 570 से घट कर 60 रुपये के स्तर पर आया प्रीमियम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया कल भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च करने वाली है। इस आईपीओ का निवेशकों को लंबे समय से इंतजार है। 15 से 17 अक्टूबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होने वाले इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 27,870 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस इश्यू के लिए 1,865 से 1,960 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। माना जा रहा है कि इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल सकता है। हालांकि ग्रे मार्केट में इस आईपीओ की



चमक गिरती जा रही है। इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम में लगातार गिरावट आई है।

हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ ने फाइनल होने के बाद ग्रे मार्केट में जबरदस्त मजबूती के साथ ट्रेड करना शुरू किया था। ग्रे मार्केट में हुंडई मोटर के शेयर ने 470 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड करना शुरू किया और सिर्फ 24 घंटे में ही इसका प्रीमियम बढ़कर 570 रुपये हो गया। उम्मीद की जा रही थी कि हुंडई मोटर के शेयर का ग्रे मार्केट में प्रीमियम 750 रुपये तक जा सकता है, लेकिन 570 रुपये के स्तर से ही इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम में गिरावट आनी शुरू हो गई। अब हुंडई मोटर का आईपीओ लांच होने में सिर्फ एक दिन बाकी है, तब ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम घट कर 60 रुपये के स्तर पर आ गया है। ग्रे मार्केट के मौजूदा प्रीमियम को ही अगर अंतिम मान लिया जाए, तो शेयर मार्केट में हुंडई मोटर के शेयरों की लिस्टिंग इसके अपर प्राइस बैंड में 60 रुपये जोड़ कर 2,020 रुपये के स्तर पर हो सकती है। ऐसा होने पर आईपीओ निवेशकों को 3 प्रतिशत के करीब लिस्टिंग गेन हो सकता है। हालांकि ग्रे मार्केट के प्रीमियम को सिर्फ एक संकेत मानना चाहिए, क्योंकि ग्रे मार्केट की स्थिति लगातार बदलती है, जिससे प्रीमियम के स्तर में भी बदलाव होते रहता है।

# थोक महंगाई दर सितंबर महीने में बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंची

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल की वजह से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर सितंबर महीने में 1.84 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त महीने में यह 1.31 फीसदी थी। सितंबर 2023 में थोक महंगाई दर 0.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सितंबर महीने में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने अगस्त में यह दर घटकर 1.31 फीसदी पर आ गई थी। जुलाई में थोक महंगाई दर 2.04 फीसदी रही थी। मंत्रालय ने कहा कि सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने की वजह से थोक महंगाई दर बढ़ी है।

आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों



की कीमतें सितंबर महीने में बढ़कर 9.47 फीसदी हो गई है, जबकि अगस्त में यह 3.26 फीसदी रही थी। हालांकि, सितंबर में ईंधन और बिजली की कीमतों में 4 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है, जबकि पिछले महीने यह 0.67 फीसदी थी। वहीं, थोक मूल्य सूचकांक के प्राइमरी आर्टिकल की सलाना मुद्रास्फीति दर बढ़कर 6.59 फीसदी हो गई है, जो अगस्त में 2.42 फीसदी रही थी। हालांकि, मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की थोक महंगाई दर 1.22 फीसदी से घटकर एक फीसदी पर आ गई है।

# शक्तिकांत दास ने धन प्रेषण की लागत और समय कम करने की वकालत की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को विदेश से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए ये अत्यंत महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने नई दिल्लीं में सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं



को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरूआती बिंदु है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को कम करने की अपार संभावनाएं हैं शक्तिकांत दास ने कहा कि इसके अलावा डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। दास ने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक और क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा-पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और डेटा उल्लंघन की घटनाएं बढ़ सकती हैं। शक्तिकांत दास ने कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम शमन उपाय करने चाहिए। अंतिम विश्लेषण में, बैंकों को एआई और बिगटेक के लाभों का लाभ उठाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से सनसनी




**चंडीगढ़।** सिरसा जिले के गांव मौजगढ़ में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब यहां धान के खेतों में एक जहाजनुमा पाकिस्तानी गुब्बारा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच की जांच पड़ताल की। बताया गया कि मसीतां रोड पर जमींदार बूटा सिंह सुबह रोज की भांति खेत पर गए तो उन्हें वहां एक बहुत बड़ी चीज दिखाई दी। उन्होंने पास जाकर देखा तो सफेद रंग का पाकिस्तानी गुब्बारा था, जिस पर पीआईए लिखा हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। इसके बाद गांव से बड़ी संख्या में लोग पाकिस्तानी गुब्बारा देखने के लिए खेत पर एकत्र हो गए। ग्रामीण कर सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और उसने पाकिस्तानी गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### रिलायंस अस्पताल में उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी सर्जरी, हार्ट में थे ब्लॉकेज

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री को सोमवार सुबह गिरगांव में स्थित रिलायंस हरकिशन दास अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में आज ही उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गई है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार उद्धव ठाकरे को पिछले दो दिनों से तकलीफ हो रही थी। इसी वजह से आज सुबह वे रिलायंस अस्पताल में नियमित जांच के लिए गए। अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की गई। इसके बाद एंजियोग्राफी की रिपोर्ट ब्लाकेज होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उद्धव ठाकरे को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया और उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। अब उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उद्धव ठाकरे की इससे पहले 2012 में लीलावती अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी। करीब 12 साल बाद दोबारा उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है।

### फास्ट ट्रैक चलाया जाएगा बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मामला : मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा। इस मामले में किसी भी हमलावर को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही महाराष्ट्र में अन्य राज्य के बदमाशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एकनाथ शिंदे ने कहा कि बाबा सिद्दीकी हमारे करीबी थे। सिद्दीकी पहले कांग्रेस में थे और कई विभागों का राज्यमंत्री पद उन्होंने संभाला था। इसके बाद सिद्दीकी राकांपा अजीत पवार गुट में शामिल हो गए थे। शनिवार रात बांद्रा में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले की छानबीन तेजी से चल रही है। तीन आरोपित पकड़े गए हैं और तीन फरार आरोपितों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एकनाथ शिंदे ने ने कहा कि इस मामले में विपक्ष दोहरा मापदंड अपना रहा है। विपक्ष ने बदलापुर मामले के आरोपित को सरेआम फांसी देने की मांग की थी लेकिन जब आरोपित एनकाउंटर में मारा गया तो विपक्ष एनकाउंटर के विरुद्ध बोलने लगा था।

### असम के मोरीगांव जेल से फरार एक कैदी का शव मिला, चार की तलाश

**मोरीगांव (असम)।** मोरीगांव जिला जेल से शुक्रवार तड़के फरार पांच विचाराधीन कैदी में से एक का शव लहरीघाट के देवागुड़ी झील से बरामद कर लिया गया। अधिकारियों ने सोमवार सुबह बताया कि विचाराधीन कैदी अब्दुल रशीद ने पुलिस से बचने के लिए इस झील में छलांग लगा दी थी।उसके शव को मोरीगांव सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस कहना है कि जेल से भागे अन्य चारों विचाराधीन कैदियों सैफुद्दीन, जियारुल इस्लाम, नूर इस्लाम और मफीदुल रशीद की तलाश की जा रही है।

### दिल्ली की सीएम ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी की यह प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल से एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'दिल्ली की मुख्यमंत्री @आतिशी ने प्रधानमंत्री @नरेन्द्रमोदी से मुलाकात की।' वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी जापान यात्रा पर रवाना, रक्षा संबंधों पर होगी वार्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को जापान की यात्रा पर रवाना हुए, जो भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यात्रा के दौरान वह 14 अक्टूबर को जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और उसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत-जापान संबंधों पर चर्चा करेंगे।

कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि सेना प्रमुख 15 अक्टूबर को इचिगया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। इन बैठकों की योजना संयुक्त आत्मरक्षा बल के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशिदा योशीहिदे, जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरिशिता यासुनोरी, अधिग्रहण, प्रौद्योगिकी और रसद



एजेंसी के आयुक्त इशिकावा ताकेशी के साथ बनाई गई है। चर्चाओं का उद्देश्य भारत और जापान के बीच मजबूत सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना होगा।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी रक्षा मंत्रालय, इचिगया में स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे और उन्हें जापानी सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। उनकी 17 अक्टूबर तक के यात्रा कार्यक्रम में जापान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत और राष्ट्रीय रक्षा अध्ययन संस्थान का दौरा भी शामिल है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी 16 अक्टूबर को जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरीशिता यासुनोरी के साथ फूजी स्कूल का दौरा करेंगे, जहां वे फूजी स्कूल के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल कोडमा यासुयुकी के साथ बातचीत करेंगे। सीओएएस को स्कूल में ब्रीफिंग दी जाएगी और वे उपकरण और सुविधा प्रदर्शन भी देखेंगे।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी 17 अक्टूबर को हिरोशिमा का दौरा करेंगे, जहां वे हिरोशिमा शांति पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और शांति पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी की इस यात्रा का उद्देश्य भारत और जापान की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है, साथ ही दोनों देशों के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशना है।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने अल्जीयर्स में भारतीय समुदाय को किया संबोधित

## आप भारत के सच्चे राजदूत

एजेंसी

**अल्जीयर्स।** भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आप भारत के सच्चे राजदूत हैं। अल्जीरिया में भारतीय समुदाय अपने देश के हितों और सॉफ्ट पावर को आगे बढ़ाने वाला पुल है। राष्ट्रपति मुर्मु रविवार को यहां पहुंचीं हैं।




भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर साझा की गई सचित्र पोस्ट में यह जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आप में से प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर हमारी प्राचीन भूमि के मूल्य और संस्कृति को समेटे हुए है। जब भी आप किसी अल्जीरियाई व्यक्ति से मिलते हैं, तो आप उसका परिचय भारत की भावना से कराते हैं। भारत सरकार और भारतीय समाज ने विदेशों में भारत की स्थिति, प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में भारतीय समुदाय के योगदान को हमेशा महत्व दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में कल अल्जीरिया पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा है। हवाई अड्डे पर अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने ने उनका जोरदार स्वागत किया। अल्जीरिया सरकार की कैबिनेट के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## अंकलेश्वर ड्रग्स केस में तीन निदेशकों समेत पांच गिरफ्तार

- 5 हजार करोड़ रुपये का कोकीन उत्पादन करने वाली कंपनी पर कार्रवाई

एजेंसी

**अंकलेश्वर।** यहां औद्योगिक क्षेत्र अंकलेश्वर के आवकार ड्रग्स नामक कंपनी से 5 हजार करोड़ रुपये कीमत की कोकीन जब्ती मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार देर रात कंपनी के 3 निदेशकों समेत कुल 5 लोगों को पकड़ा है। इन सभी को सोमवार सुबह कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया है। पकड़े गए कंपनी के निदेशकों में अश्विनी रामाणी, ब्रिजेश कोठिया, विजय भेसाणिया तथा दो केमिस्ट्स हैं। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपितों को दिल्ली ले जाया जाएगा।

दिल्ली में पकड़े गए ड्रग्स मामले की जांच गुजरात के भरुच जिले के अंकलेश्वर तक पहुंच गई है। अंकलेश्वर की आवकार फार्म कंपनी से ड्रग्स की सामग्री भेजे जाने की जानकारी सामने आई थी। इसके आधार पर गुजरात और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चला कर जीवन रक्षक दवाएं बनाने की आड़ में कोकीन बनाने की फैक्टरी को पकड़ा। यहां से 5 हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। इस मामले में अंकलेश्वर में किसी तरह की प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। दिल्ली में जो प्राथमिकी दर्ज है, उसी अपराध में अंकलेश्वर से 5 आरोपित पकड़े गए हैं। अंकलेश्वर कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड लेने के बाद इन आरोपितों को दिल्ली ले जाया जाएगा।

इसके पहले भी अंकलेश्वर से ड्रग्स बनाने की फैक्टरी कई बार पकड़ी जा चुकी है। इससे पूर्व 1 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली की स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नामक व्यक्ति के वेयर हाउस पर छापेमारी कर 562 किलो कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा समेत बड़ा पार्सल जब्त किया था।

### तेलंगाना के नाराज ग्रामीणों ने भेजा पोस्टकार्ड

## राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी से चुनावी वादे पूरे करने को कहा



एजेंसी

**हैदराबाद।** आदिलाबाद के ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पोस्टकार्ड भेजकर चुनाव के समय किए गए छह वादों के कार्यान्वयन में हो रही देरी पर असंतोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने लिखा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी वादे अब तक पूरे नहीं किए।

आदिलाबाद के ग्रामीणों द्वारा भेजे पोस्टकार्ड में याद दिलाई गई है कि कांग्रेस ने महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक पेंशन, कल्याण लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को एक तोला सोना, महिला स्नातकों को स्कूटर, किसानों 15,000 रुपये प्रति एकड़ का इनपुट निवेश, किसानों के अब तक के दो लाख रुपये तक के फसली ऋण माफ करने और सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये करने की घोषणा की थी ।

बड़ी संख्या में भेजे गए पोस्टकार्ड में लिखा है कि कि कांग्रेस ने सत्ता संभालने के 100 दिन के भीतर छह गारंटी को पूरा करने का वादा किया था। पर अब तक उस दिशा में कुछ भी नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि कांग्रेस अपने वादों को पूरा नहीं करती तो वह लोग नई दिल्ली में जनपथ पर धरना देंगे।

एक्स हैंडल पर ग्रामीणों के विरोध के बारे में पोस्ट करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि लोग कांग्रेस के विश्वासघात को देख पा रहे हैं। आदिलाबाद जिले के मुखरा गांव के ग्रामीणों ने राहुल गांधी को तेलंगाना में छह वादों का कार्यान्वयन तुरंत शुरू करने के लिए लिखा है। छह वादों को सरकार गठन के 100 दिनों के भीतर लागू करने का आश्वासन दिया गया था। अब 300 दिन से अधिक हो गए हैं और प्रगति का कोई संकेत नहीं है।

## कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और राजनयिकों को जांच के दायरे में लाने पर भारत हुआ सख्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों को एक मामले में जांच से जोड़े जाने पर बेहद कड़ा रूख अपनाया है। इसके लिए सीधे तौर पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर जिम्मेदार ठहराते हुए भारत ने चेतावनी दी है कि उसके पास इस मामले में आगे कदम उठाने के पूरे अधिकार हैं।

कनाडा ने राजनयिक माध्यम से भारत को कल जानकारी दी थी कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उनके देश में एक जांच से संबंधित मामले में 'रुचि के व्यक्ति' हैं। इस पर आज करारा जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी की है।

उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री लगातार भारत पर उसके नागरिक खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले पर आरोप लगा रहे हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत की ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडाई सरकार ने भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। मंत्रालय का कहना है कि प्रधानमंत्री ट्रूडो की भारत के प्रति शत्रुता लंबे समय से साक्ष्य में है। उनकी हरकतों से पता चलता है कि यह उनकी जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की एक सोची-समझी रणनीति है। भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने वाला यह नवीनतम घटनाक्रम अब उसी दिशा में अगला कदम है।

वक्तव्य में कहा गया है कि यह कोई संयोग नहीं है कि यह तब हो रहा है जब प्रधानमंत्री ट्रूडो को विदेशी हस्तक्षेप पर एक आयोग के सामने पेश होना है। यह भारत विरोधी अलगाववादी एजेंडे को भी पूरा करता है जिसे ट्रूडो सरकार ने संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए लगातार बढ़ावा दिया है। उनके मंत्रिमंडल में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया गया है जो भारत के संबंध में खुले तौर पर चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से जुड़े हैं। दिसंबर 2020 में भारतीय आंतरिक राजनीति में उनके खुले हस्तक्षेप से पता चला कि वह इस संबंध में कितनी दूर तक जाने को तैयार थे।

इसमें कहा गया है कि भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा 36 वर्षों के प्रतिष्ठित करियर के साथ भारत के सबसे वरिष्ठ सेवारत राजनयिक हैं। वह जापान और सूडान में राजदूत रहे हैं, जबकि इटली, तुर्किये, वियतनाम और चीन में भी कार्यरत रहे हैं। कनाडा सरकार द्वारा उन पर लगाए गए आक्षेप हास्यास्पद हैं और जिसे अवमानना माना जाना चाहिए। भारत ने चेतावनी दी है कि भारतीय राजनयिकों के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाने की कनाडाई सरकार की इन नवीनतम कोशिशों के जवाब में अब भारत के पास आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित है।

### कविता सहाय ने डीजी चिकित्सा सेवा (नौसेना) का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय ने सोमवार को नई दिल्ली में महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने पैथोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल की है और वे नई दिल्ली के एम्स से ऑन्को पैथोलॉजी में सुपर स्पेशलाइज्ड हैं। फ्लैग ऑफिसर को 30 दिसंबर, 1986 को सेना चिकित्सा कोर में कमीशन दिया गया था। प्रतिष्ठित सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय पुणे की पूर्व छात्रा कविता सहाय आर्मी रिसर्च और रेफरल अस्पताल तथा बीएचडीसी में प्रोफेसर और लैब साइंसेज विभाग की प्रमुख रही हैं। वह पुणे के सशस्त्र सेना मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी विभाग में भी प्रोफेसर रही हैं। यह पदभार संभालने से पहले वह आर्मी मेडिकल सेंटर की पहली महिला कमांडेंट थीं। वह सेना चिकित्सा कोर की कर्नल कमांडेंट के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला अधिकारी हैं।

### दिल्ली पुलिस ने गुजरात पुलिस के साथ मिलकर पांच हजार करोड़ की कोकीन पकड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी की तलाशी में 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। पिछली बरामदगी मिलाकर अब तक दिल्ली पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुल 1,289 किलोग्राम कोकीन और थाईलैंड की 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 13 हजार करोड़ रुपये है। इससे पहले दिल्ली में 1 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नामक व्यक्ति के गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप को जब्त किया था। जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद हुई।

### आस्था › कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से बदलेगी भगवान महाकाल की दिनचर्या

## आधा घंटा देरी से करेंगे भोजन, गर्म जल से करेंगे स्नान

- प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा
- प्रतिदिन तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती तथा रात 10.30 बजे होने वाली शयन आरती अपने निर्धारित समय पर होगी



एजेंसी

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में आगामी 18 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। सर्दी के मौसम में अवंतिकानाथ सुबह आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। भस्म आरती में भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा। दिनचर्या में बदलाव का यह क्रम फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा।

पं. महेश पुजारी ने रविवार को बताया कि महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में गर्मी व सर्दी के क्रम में प्रत्येक छह माह में भगवान की दिनचर्या बदलती है। वर्तमान में भगवान की दिनचर्या गर्मी के मौसम अनुसार चल रही है। भगवान ठंडे जल से स्नान कर रहे हैं, लेकिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से मंदिर में सर्दी की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन से भगवान महाकाल ठंडे के बजाय गर्म जल से स्नान करना प्रारंभ करते हैं। साथ ही आरती का समय भी बदलता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन सुबह सात बजे दद्योदक अर्थात बालभोग आरती हो रही है। इस आरती में भगवान को दही-चावल का भोग लगाया जाता है। आगामी 18 अक्टूबर से यह आरती सुबह 7.30 बजे से होगी। इसी प्रकार वर्तमान में सुबह 10 बजे भोग आरती हो रही है। इसमें भगवान को दाल, चावल, रोटी, सब्जी, मिष्ठान का नैवेद्य लगाया जाता है। यानी भगवान सुबह 10 बजे भोजन कर रहे हैं। वहीं, 18 अक्टूबर से भोग आरती सुबह 10.30 बजे होगी। इसका आशय यह है, सर्दी में भगवान आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। वर्तमान में संध्या आरती शाम सात बजे की जा रही है, लेकिन 18 अक्टूबर से संध्या आरती प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से होगी, क्योंकि सर्दियों में सूर्यास्त जल्दी होने लगता है।

इसके अलावा, प्रतिदिन तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती तथा रात 10.30 बजे होने वाली शयन आरती अपने इसी निर्धारित समय पर होगी। शाम पांच बने होने वाली संध्या पूजन का समय भी वहीं रहेगा।

### इजराइल की सैन्य ताकत बढ़ेगी

## अमेरिका 100 सैनिकों के साथ भेजेगा उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने इजराइल को उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली भेजने का फैसला किया है। साथ ही इसे संचालित करने के लिए लगभग 100 अमेरिकी सैनिक भी भेजे जाएंगे। सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमलों के बाद यह इजराइल में अमेरिकी सेना की पहली तैनाती होगी। यह जानकारी पेंटागन ने दी।

द न्यूयार्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इस कदम से बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव के लिए डिजाइन की गई जमीन-आधारित इंटरसेप्टर प्रणाली का संचालन करने वाले अमेरिकी सैनिक मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध के करीब पहुंच जाएंगे। पेंटानग ने यह कदम ईरान के पहली अक्टूबर को इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों सहित लगभग 200 मिसाइलें दागने के बाद उठाया है। इस समय ईरान पर इजराइल जवाबी कार्रवाई की योजना बना रहा है।

खबर में कहा गया है कि रविवार को जब इस बारे में पूछा गया तो राष्ट्रपति जो बाइडेन ने केवल इतना कहा कि उन्होंने पेंटागन को इजरायल के लिए रक्षा प्रणाली तैनात करने का आदेश दिया है। इस बीच हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में एक सैन्य अड्डे के खिलाफ ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

